खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 80,951.99 निफ्टी 24,609.70
सोना 98,145 चांदी 1,01,000

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 23 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# उप्र में आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, 58 की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

- महिला की गर्दन कटी, राजस्थान में 48 डिग्री पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट जारी

**मौसम विभाग** ने राजस्थान, व मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली- एनसीआर में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई थी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे थे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए थे। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।



# ईडी कर रहा सारी हदें पार: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम -शेष पृष्ठ दो पर

## मेडिकल संस्थानों को नीट-पीजी में फीस डिटेल्स देनी होगी

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है, तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।



## वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

## मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र पासी ढेर

**बाराबंकी।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को पासी गैंग के सरगना ज्ञान चंद्र पासी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। हालांकि इसके दो साथी मौके से फरार हो गए। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपये का इनाम था। गौरतलब है कि सोमवार को इसी गैंग के साथी को गोंडा में एनकाउंटर में मार गिराया गया था। घायल ज्ञानचंद्र पासी को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र तीस साल से अपराध क्षेत्र में सक्रिय था। उसका आपराधिक इतिहास करीब 70 मुकदमों का है। इनमें हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसे मामले हैं।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## सलमान खान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

## पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है: मोदी

जयपुर/बीकानेर, वार्ता

- न ट्रेड न टॉक, अब बस पीओके पर होगी बात: पीएम
- पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है
- कहा: कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चुरु में मैंने -शेष पृष्ठ दो पर



# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: विदेश मंत्री



- कश्मीर मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू-कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए, जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

# पाक ने बदले में की भारतीय राजनयिक पर जवाबी कार्रवाई

- भारतीय उच्चायोग कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद।** भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने जवाबी कदम उठाते हुए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था।




# विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हम यह चलन देख रहे: सुप्रीम कोर्ट
- RSS नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### अब एक जिले में तैनात हो सकेंगे पुलिस दंपति

**लखनऊ।** यूपी पुलिस की नौकरी कर रहे हैं पति-पत्नी को एक ही जिले में नौकरी करने का अवसर यूपी डीजीपी ने प्रदान किया है। पुलिस में वह दंपति जो अलग-अलग जिलों में ड्यूटी कर रहे हैं, उनको कई तरीके की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाहे पारिवारिक दिक्कतें हो या व्यवहारिक। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन की तबादला नीति के अनुरूप दंपति को एक ही जिले में तैनाती दिए जाने का निर्देश दिया है। अब पहली बार बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों को इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा रहे। पहले चरण में 101 आरक्षियों के ऐसे तबादले किए गए हैं, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को, उनके पति की तैनाती के जिले में भेजा गया है, तो वहीं पुरुष पुलिस कर्मियों को उनकी पत्नी के तैनाती के जिले में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जल्द ही अन्य और अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को इसी आधार पर स्थानांतरित किए जाने की तैयारी यूपी पुलिस द्वारा की गई है। डीजीपी मुख्यालय से पति या पत्नी के जिले में तैनाती की मांग करने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला उनके जीवनसाथी के तैनाती वाले जिले से संबंधित की रेंज में किया गया है और अब रेंज स्तर से उन्हें एक जिले में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### चार बच्चियों की बकुलाही नदी में डूबने से मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज क्षेत्र में गुरुवार को बकुलाही नदी में डूबने से चार बच्चियों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जलालपुर डे हवा गांव निवासी चार बच्चियों की मौत बकुलाही नदी में नहाते समय डूब कर हो गई। डूबकर मरने वाली बच्चियों में तीन सगी बहने और एक चचेरी बहन है, घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया। चारों बच्चियां आज दिन में लगभग दस बजे बकुलाही नदी में नहाने गई थी, नहाते समय वे गहरे पानी में चली गई और डूबकर उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में जीतलाल की पुत्रियां स्वाति (13), संध्या (11), चांदनी (6) के अलावा पृथ्वी पाल की पुत्र प्रियंसी (7) शामिल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्कयू टीम के सहयोग उनके शवो को नदी से बाहर निकाला।

### बीएसए ने 36 टीचर और 130 कर्मचारियों का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के 36 शिक्षक समेत 130 कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। ये सभी अनुपस्थित मिले थे, साथ ही 3 विद्यालय बंद पाए गए थे। बीएसए ने अनुपस्थित के दिन का वेतन रोक दिया है। इसके साथ ही शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में कार्रवाई का अंकन करने का आदेश बीईओ को दिया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने के लिए शासन के आदेश पर गठित जिला व ब्लॉक टास्क कमेटी के सदस्य निरीक्षण करते हैं। 21 अप्रैल से 19 मई तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया था।

## उद्योग सीएसआर से जोड़ें किसानों को: जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जोड़ने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है। धनखड़ ने गुरुवार को गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए। अनुसंधान करना चाहिए और उनका जो एक फंड होता है सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए, तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है। किसानों को अपने आप को उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, लेकिन मौजूदा समय में किसान का काम उत्पादन तक रह गया है। उसके बाद किसान अपने आपको एक तरीके से अलग कर लेता है। किसान को अपने उत्पाद के क्रय विक्रय में भी भागीदारी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार किसान की बहुत मदद कर रही है।

## बहादुरी व बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवार्ड्स

**नई दिल्ली, वार्ता**

### शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने के लिए डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू, शहीदों की मांओं को गले लगाया

### 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवार्ड्स दिए। ये अवार्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए।

राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवार्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस आफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए बोले सीएम योगी

## पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका

**लखनऊ, वार्ता**



### मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता पर निर्भर सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी- 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया।

### वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक पेड़ लगाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया

योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है। योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने कहा कि जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी। सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि जैव विविधता संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा।

## कांग्रेस सांसद राकेश के मामले पर हाईकोर्ट की रोक

**लखनऊ, वार्ता**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

अदालत ने मामले की पूरी कार्यवाही को सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक रोक दिया और इस मामले को 28 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायधीश सुभाष विद्यार्थी ने राठौर की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद 20 मई को यह आदेश पारित किया, जिसमें राठौर के डिस्चार्ज आवेदन को खारिज करने वाले ट्रायल कोर्ट के पांच मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने मामले की अगली तारीख तक पांच मई के आदेश पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि मेरा मानना है कि अंतरिम राहत देने का मामला बनता है और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। पक्षों के वकीलों ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि मामले की जांच पूरी करने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया है। इसके बाद ट्रायल कोर्ट ने 16 मई को राठौड़ पर आरोप तय कर दिए। फैसलों का हवाला देते हुए वकील ने दलील दी कि आरोपी राठौर के खिलाफ कथित आरोप नहीं बनते। इसलिए उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। दूसरी ओर राज्य के वकील ने पुनरीक्षण याचिका का विरोध किया।



### फोटो पहचान का शुल्क लेने पर लगाई रोक

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उच्च न्यायालय में मुकदमे दाखिल करने वाले वादकारियों के हित में, एक मामले में अहम अंतरिम आदेश दिए हैं। कोर्ट ने याचिकाएं दायर करने वालों से फोटो पहचान के लिए बार एसोसिएशनों द्वारा 400 से 500 रुपए लिए जाने पर रोक लगा दी है। रजिस्ट्री अनुभाग को निर्देश दिया है कि पब्लिक नोटरी से सत्यापित हलफनामे स्वीकार किए जाने चाहिए।

## 2027 में दहाई तक सिमट जाएगी भाजपा

**लखनऊ, वार्ता**




### शिक्षक भर्ती के यू टर्न पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा

एक लाख 93 हजार शिक्षक भर्ती वाले विज्ञापन को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर फजीहत हुई। यूपी सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक अखबार की कटिंग की तस्वीर शेयर कर इस बात की घोषणा की गई कि सूबे में अब 1 लाख 93 हजार पदों पर शिक्षक भर्ती होगी।

सरकार के इस पोस्ट के बाद युवाओं के बीच खुशी की लहार दौड़ गई, मगर ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि सरकार ने अपना एक्स पोस्ट डिलीट कर लिया। इसी के बाद से इस मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। अब सपा चीफ अखिलेश यादव ने 1 लाख 93 हजार के आंकड़े से ये साबित करने की कोशिश की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी पार नहीं कर पर पाएगी और दहाई के अंक तक सिमट जाएगी। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि 1,93,000 शिक्षक भर्तियों का जुमला विज्ञापन से जन्मा। 2027 के चुनाव में 'भाजपा की हार का राजनीतिक गणित'। मान लिया जाए कि 1 पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या होती = 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं, तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी 4,34,25,000। सपा चीफ ने लिखा कि ये सभी व्यस्क होंगे, अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उप्र की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें, तो ये आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आएगा और अगर इनका आधा भी भाजपा का वोटर मान लें , तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। उन्होंने लिखा कि पुलिस भर्ती के मामले में 'भर्तियों का ये गणित' भाजपा को उप्र में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, अतः ऐसे आंकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। जैसे ही ये आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा, वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूटकर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी।

## अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी की चिंता से बाजार में भूचाल

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया, जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डा. वीके विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है। हाल ही में अमेरिकी 20, वर्षीय बॉन्ड की कमजोर नीलामी और पांच वर्षीय, 10 वर्षीय और 30 वर्षीय बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल ने अमेरिकी बॉन्ड बाजार में घटते निवेशक विश्वास को उजागर किया है। इसके साथ ही जापान में भी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे वैश्विक निवेशकों की चिंता और गहराई है। इसके अलावा ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता को झटका दिया है। इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की संभावना ने न केवल भू-राजनीतिक स्थिति को अस्थिर किया है, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे विश्व बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.66, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 1.19 और चीन के शंघाई कंपोजिट ने 0.22 प्रतिशत का गोता लगाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईडी कर रहा...** पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी

**मेरी नसों...** कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है, जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहीमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा और न टॉल्क (बात)। अगर, बात होगी, तो सिर्फ पीओके (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की। पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

## ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी



### सैन्य कार्रवाई के दावे का जवाब क्यों नहीं दे रही सरकार: जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाक के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अपने दावों को लगातार दोहरा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर खामोश हैरान करने वाली है और देश को बताना चाहिए कि सरकार की तरफ से इसका जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा की ट्रंप 11 दिन में आठ बार इस तरह की दावे कर चुके हैं और कश्मीर पर बातचीत के लिए तटस्थ स्थल की बात भी कर रहे हैं और बार-बार भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की एक ही तरीके से प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार इस पर चुप है और कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिन में 8वीं बार राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का पूरा श्रेय लिया, भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों की समान रूप से प्रशंसा की और उन्हें हर तरह से बराबर बताया और दोहराया कि अमेरिका के साथ व्यापार ही वह साधन था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा करने के लिए किया। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इन सबके बावजूद हमारे प्रधानमंत्री, डोनाल्ड भाई के महान दोस्त-अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार कही जा रही बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। विदेश मंत्री भी अपने दोस्त, अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों के समर्थन में और भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए 'तटस्थ स्थल' के बारे में कही गई बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। यह गरजती हुई खामोशी क्यों।

### जवाबदेही से भाग नहीं सकती सरकार, देश को चाहिए ईमानदार जवाब : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा कराने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाने की मांग को सरकार नजरअंदाज कर रही है, लेकिन सच यह है कि इस पूरे प्रकरण पर मोदी सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती है। कांग्रेस सांसद तथा कार्य समिति की सदस्य प्रणीति शिंदे ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार चुप रहकर और ध्यान भटका कर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वहलना की युवती का शव शामली में मिला

**सहारनपुर के युवक से किया था प्रेम विवाह, लड़का पक्ष फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना खालापार के गांव वहलना से लव मैरिज करने के बाद पति के साथ जनपद सहारनपुर के गांव भाईसी रायपुर में रह रही विवाहिता की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया। लाश जब शामली पुलिस को बोरे में बंद पाई गई तो पहचान होने के बाद उन्होने लड़की पक्ष को इसकी जानकारी दी, हालांकि लड़का पक्ष अपने घर से फरार है। अब पुलिस लड़के पक्ष पर ही हत्या का संदेह जता रही है। बताया जा रहा है कि भाईसीरायपुर निवासी विशाल कुमार ने ग्राम वहलना थाना खालापार निवासी बीस वर्षीय अनीता से प्रेम विवाह किया था। अनीता का परिवार वहलना में किराये पर रहता है और वह बहुत ही तंग हाली की जिन्दगी जी रहे है।

बताया जाता है कि अनीता का शव जनपद शामली के थाना गढ़ीपुख्ता गांव गंदेड़वा जंगल में प्लास्टिक के कट्टे में पड़ा हुआ मिला था। अब इस मामले में सहारनपुर व जनपद शामली के थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस छानबीन में जुटी हुई है, हालांकि घटना की शुरूआत जनपद सहारनपुर से हुई और उसका शव जनपद शामली मे पड़ा मिला। फिलहाल सहारनपुर पुलिस भी इस मामले में पूरी तरह भागदौड़ कर रही है।

# पेपर मिल में करंट से मशीन इंचार्ज की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीती देर रात नई मंडी क्षेत्र के गांव तिगरी के निकट पेपर मिल में काम कर रहे मशीन इंचार्ज को तेज करंट का झटका लगा इस समय आंधी तुफान चल रही थी जहां हाईटेंशन के करंट से मशीनमैन की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद परिवार के लोग बिजनौर से पेपर मिल पहुंचे। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जनपद बिजनौर के थाना नैटोर गांव दामनगर लकड़ा निवासी 56 वर्षीय रामवतार पुत्र करण सिंह नई मंडी क्षेत्र के गांव तिगरी स्थित पेपर मिल में मशीन इंचार्ज था। बीती रात वह मशीन पर काम कर रहा था कि इसी बीच तेज करंट ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। मशीन मैन रामअवतार की मौत हो गई जिससे पेपर मिल में अफरा-तफरी मच गई। मशीनमैन की खबर सुनकर पुलिस यहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। बताया गया कि रात्रि में दोनो पक्षों के बीच समझौता हुआ।

# किसान मजदूर पंचायत में भ्रष्टाचार पर हुंकार

## ठाकुर पूरण सिंह ने की भूख हड़ताल की घोषणा, धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान मजदूर संगठन की ओर से भ्रष्टाचार और किसानों से जुड़े मुद्दो को लेकर कलेक्ट्रेट में चल रहा एक सप्ताह से बेमियादी धरना राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह की मौजूदगी में किसान मजदूर महा पंचायत में बदल गया और डीएम कार्यालय परिसर में ही दाल चावल का भण्डारा भी किया गया।

गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे अलग-अलग जिलों से आए किसान प्रतिनिधियों ने दो टूक शब्दों में आरपार की लड़ाई की चेतावनी दी गई रोष जताया कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामलों में भी अधिकारी कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं हैं। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण आज किसानों के साथ ही आम जनता को भी उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चकबंदी, बिजली विभाग के साथ ही सिंचाई हो या गन्ना विभाग सभी में भ्रष्टाचार है। किसानों की कई प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी न तो गंभीरता दिखा रहे हैं और न ही वो संवेदनशील नजर आते हैं, लेकिन यह जिला किसानों का जिला है। अधिकारियों से आरपार को भी हम तैयार हैं। कहा कि हमने पूर्व में जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में चकबंदी में बनी विभिन्न अनियमितता एवं अधिकारियों के कारण लंबित प्रकरणों को सुझालने की मांग की थी। साथ ही जनपद में विद्युत सुधार योजना में विद्युत विभाग में काम कर रही एल एण्ड टी कंपनी में किये गये भ्रष्टाचार को लेकर जांच कराने की आवाज उठाई गई, लेकिन कार्यवाही नहीं की जा रही है। आरडीएस योजना के तहत विद्युत विभाग में कराये जा रहे कार्यों में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। आवारा गौवंश की देखरेख के लिए संरक्षणकर्ता किसान को 300 रुपये प्रतिदिन भुगतान, भैंसाना शुगर मिल पर बकाया भुगतान तत्काल दिलाने, लोक निर्माण विभाग की गत वर्षों में बनवाई गई सड़कों की जांच कराने और पानीपत खटीमा राजमार्ग का कार्य पूर्ण हुए बिना ही चालू टोल का बंद कराने की मांग भी रखी गई। धरने की अध्यक्षता राजकुमार सिंह व संचालन अन्नू मलिक ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव ख्रष्णपाल सिंह, ललित राणा, जिलाध्यक्ष बिल्लू राणा, नौबहार बिजनौर, अजब सिंह, कालूराम, देवराज पुण्डीर, भूपेन्द्र सिंह, ओमी लाल आर्य, मोनू राणा, विजय पाल सिंह, ओमपाल सिंह बिराल, विक्रम सिंह, यशपाल प्रधान, सतीया पीपलहेडा, अभिषे कुमार, विक्रम सोम, अंकित हसनपुर सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

# चोरी का सामान बरामद कर, जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने डीडीए कार्यालय में नकब लगाकर चोरी किए गए कम्प्यूटर, यूपीएस व अन्य सामान बरामद कर आरोपी को जेल भेज दियाहै। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि इक्कीस मई को डीडीए कार्यालय से नकबजनी कर चार कम्प्यूटर, दो यूपीएस व कीमती सामान चोरी कर लिया था। मुकदमे के बाद भागदौड़ कर रही पुलिस ने आरोपी नौशाद पुत्र निजाम निवासी मौहल्ला दीन मौहम्मद सुजडू खालापार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पचैण्डा रोड पुल के निकट से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। लिखापढ़ी करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।



मुजफ्फरनगर: किसान मजदूर संगठन के धरने को संबोधित करते किसान प्रतिनिधि।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट में किसान मजदूर पंचायत के धरने पर खाना बांटते किसान।

# दस हजार की रिश्वत में दीवान नरेन्द्र निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही कर रहे है और जनपद में कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगे हुए है तो वहीं विभाग में फैली भ्रष्टाचारी को भी खत्म करने के प्रयास किए जा रहे है इसी के चलते उन्होने भ्रष्टाचारी के आरोप में रामलीला टिल्ला चौकी पर तैनात दीवान नरेन्द्र तेवतिया को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा भी एसएसपी कई पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्यवाही कर चुके है। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम एक वीडियो वायरल हुई जिसमें शुभम त्यागी नामक युवक रिश्वत मांगने का बयान दे रहा है। वायरल वीडियों में शुभम त्यागी बोल रहा है कि वह एक व्यक्ति से लोन की किस्त के पैसे लेने गया था। जब पैसे लेकर रशीद काटी थी, लेकिन उसके बाद भी हरेन्द्र नामक युवक ने रामलीला टिल्ला पुलिस चौकी पर एक तहरीर देकर इसका सेटलमेंट न होने का आरोप लगाया था। इस मामले की छानबीन चौकी पर तैनात दीवान नरेन्द्र तेवतिया को सौंपी गई। नरेन्द्र तेवतिया ने पीड़ित को शिव मूर्ति के निकट तुलसी पार्क में बुलाया और जबरन ही दस हजार की रिश्वत ली। रिश्वत देते समय पीडित ने उसका फोटो ले लिया था और वह वीडियो वायरल हुआ, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इसका संज्ञान लिया। सीओ सिटी को दी गई जांच के बाद सिपाही नरेन्द्र तेवतिया पर लगे आरोप सही पाए गए।

# पांडेय नहीं इन्दू सिद्धार्थ होंगी एसपी क्राइम

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में एसपी क्राइम की तैनाती को लेकर शासन में उथल-पुथल चल रही थी कुछ देर पहले मुजफ्फरनगर के एसपी क्राइम के रूप में विशाल पांडेय को भेजा जा रहा था और करीब-करीब इसकी पूरी तैयारी भी हो गई थी, लेकिन यह आदेश शासन को निरस्त करने पडे और विशाल पांडे की जगह अब मेरठ जनपद में एसपी सतर्कता अधिष्ठान के रूप में तैनात इन्दू सिद्धार्थ को मुजफ्फरनगर का एसपी क्राइम बनाया है।

शासन ने इन्दू सिद्धार्थ के जनपद में तैनाती के लिए आदेश जारी कर दिए है और विशाल पांडे को मुजफ्फरनगर से बलराम भेजा जा रहा है।

# निरीक्षण में गैरहाजिर मिले दो अनुचर अव्यवस्था व गंदगी देख भड़कीं चेयरपर्सन

**आकास्मिक निरीक्षण कर परखी कर्मियों की उपस्थिति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरनगर। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा तो कई खामियां और गंदगी देख वह भडक उठी टाउन हाल परिसर का सौन्दर्यकरण करते हुए पार्किंग का विशेष स्थान बनाने के बावजूद भी बेतरतीब पार्किंग के साथ ही परिसर और कार्यालयों में सफाई का अभाव और गन्दगी देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की तो दो कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले तो उनका वेतन काटने के निर्देश दिए।

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप पालिका मुख्यालय टाउन हाल पहुंची और कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति को परखा तो स्वास्थ्य विभाग में दो अनुचर रहीस और सोनू ड्यूटी से गायब पाये गये। कोई पूर्व अवकाश सूचना प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने दोनों का वेतन काटने के निर्देश दिए साथ ही लेट लतीफ अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालयों में उपस्थित होने की हिदायत भी दी। चेयरपर्सन ने पथ प्रकाश, निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल, जन्म मृत्यु, रिकॉर्ड रूम और कंट्रोल रूम सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यप्रणाली सुधारने की चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी आदत सुधार ले भविष्य में सहीं नहीं होने पर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही परिसर में गन्दगी देखकर भी वो काफी नाराज हुई।

जन्म मृत्य कार्यालय के पास बरामदे में लगे लोहे के चौनल को बदलवाने के निर्देश दिये गये। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं जिनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गये हैं। सफाई और पार्किंग की व्यवस्था खराब मिलने पर चेतावनी दी गई है। इस दौरान सभासद रजत धीमान, एई जलकल सुनील कुमार, लिपिक मनोज पाल, तनवीर आलम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# 50 करोड़ की परियोजनाओं को परखने आ रहे सचिव

## 24 व 25 मई को नोडल अधिकारी के रूप में करेंगे भौतिक सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** योगी सरकार ने 50 करोड की परियोजनाओं को परखने के लिए विशेष सचिव मनोज कुमार राय को जनपद मुजफ्फरनगर के लिए नोडिल अधिकारी नामित किया है। 24 मई और 25 मई को नोडल अधिकारी मनोज कुमार के द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन, गो आश्रय स्थल और 50 करोड से अधिक लागत की दो परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विभाग में हलचल मची हुई है। विशेष सचिव मनोज कुमार के नगर भ्रमण प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। मनोज कुमार राय दो दिन शनिवार और रविवार को जनपद में ही रहेगे।

विकास परियोजनाओं को धरातल पर परखने के साथ ही उनका भौतिक सत्यापन और समीक्षा करने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा मुजफ्फरनगर में नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार राय को नोडल अधिकारी नामित किया है। उनके द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल, गौ आश्रय स्थल और 50 करोड रुपये से अधिक लागत की दो परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। 50 करोड की परियोजनाओं को परखने शनिवार को आ रहे विशेष सचिव

योगी सरकार ने 50 करोड की परियोजनाओं को परखने के लिए विशेष सचिव मनोज कुमार राय को जनपद मुजफ्फरनगर के लिए नोडिल अधिकारी नामित किया है। 24 मई और 25 मई को नोडल अधिकारी मनोज कुमार के द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन, गो आश्रय स्थल और 50 करोड से अधिक लागत की दो परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विभाग में हलचल मची हुई है। विशेष सचिव मनोज कुमार के नगर भ्रमण प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। मनोज कुमार राय दो दिन शनिवार और रविवार को जनपद में ही रहेगे। विकास परियोजनाओं को धरातल पर परखने के साथ ही उनका भौतिक सत्यापन और समीक्षा करने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा मुजफ्फरनगर में नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार राय को नोडल अधिकारी नामित किया है। उनके द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल, गौ आश्रय स्थल और 50 करोड रुपये से अधिक लागत की दो परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जायेगा।

# एक मद से दो जिम स्थापित होने पर उठ रहे सवाल

**पहले हुआ भुगतान फिर काम शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में हुए गडबडझाले में क्लीन चिट मिलने के बाद नगर पालिका ने वार्ड 21 शाहबुद्दीनपुर में नया ओपन जिम लगा दिया है। पालिका में ऐसा पहली बार हुआ है कि पहले भुगतान हुआ और फिर बाद में काम कराया गया है। सूत्रों का कहना है कि फरवरी माह में करीब 6.35 लाख का भुगतान निकाल लिया गया था और वार्ड 21 के बजाए वार्ड 39 में ओपन जिम लगा दिया। इस मामले में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ईओ से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। वहीं उनके द्वारा कराई गई जांच आख्या को भी तलब किया है। नगर पालिका में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को लेकर बडघ खेल किया गया है।

इस योजना के तहत नव विस्तारित क्षेत्र वार्ड संख्या 21 में ओपर जिम लगाया जाना था। नगर पालिका ने बिना किसी स्वीकृति के स्थान परिवर्तन करते हुए योजना का स्वरूप बदलकर वार्ड संख्या 39 में ओपर जिम लगा दिया। वहीं करीब 6.35 लाख रुपए का भुगतान भी निकाल लिया गया। मामला प्रकाश में आने पर ईओ ने दो सदस्य जांच समिति बनाते हुए पूरे मामले की जांच कराई। जांच में स्थान परिवर्तन पाया गया।

उक्त ओपन जिम नव विस्तारित क्षेत्र के स्थान पर शहर के मोहल्ला फ्रेंडर्स कालोनी स्थित पार्क में लगा दिया गया। अब नगर पालिका के द्वारा गुरुवार की सुबह वार्ड 21 शाहबुद्दीनपुर में नया ओपन जिम लगाया गया है। यहां पर ओपन जिम के सभी उपकरण नए लगाए गए हैं। वार्ड 39 में लगे ओपन जिम पर सवाल खडे हो गए हैं। यहां पर ओपन जिम किस मद के तहत स्थापित कराया गया है।

# वीशू का एके-47 के साथ फोटो वायरल

## ट्रांसपोर्टर के साथ पुलिसकर्मी पर भी गिर सकती है गाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ट्रांसपोर्टर वीशू तायल की मुश्किले बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं उनके नजदीकि भी कानूनी तोर पर फंसते नजर आ रहे है अभी चालक के साथ हुई मारपीट का मामले में पुलिस भागदौड व छानबीन कर ही रही थी कि ट्रांसपोर्टर के साथ असलाह अलाह के साथ फोटो वायरल हो रहा है वीशू तायल अपने करीब दोस्त पुलिसकर्मी के साथ एके-47 लिए खडे है। फोटो पर गोर किया जाए तो वीशू तायल एके-47 के साथ पोजीशन लिए हुए दिख रहे है। इस तरह सरकारी हथियार के साथ फोटो खिंचवाने में ट्रांसपोर्टर पर कानूनी कार्यवाही हो सकती है वहीं उनके नजदीकि पुलिसकर्मी पर भी गाज गिर सकती है। सूत्रों का कहना है कि फोटो काफी पुरानी है और ट्रांसपोर्टर के साथ फोटो में खडे पुलिसकर्मी अब दूसरे जिले में दरोगा के पद पर तैनात है। बता दे कि ट्रांसपोर्टर वीशू तायल का गरीब चालको के साथ मारपीट करना और उनकी वीडियो काफी समय से वायरल हो रही है। एक ड्राइवर के साथ जबरदस्त मारपीट की गई तो इसके बाद दूसरे चालक को नंगा कर उसको लाठियों से पीटने का वीडियो वायरल हुआ, हालांकि पुलिस ने इस मामले में यह कहते हुए कि चालक कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता। मामले को ठंडे बस्ते डाल दिया था, लेकिन जब चालक द्वारा ऑनलाइन रिपोर्ट कराई गई और उन्हे नई मंडी कोतवाली में आकर पत्रकारों को अपना बयान दिया तो पुलिस हरकत में आते हुए कार्यवाही शुरू की। अभी इस मामले में कार्यवाही चल ही रही थी कि ट्रांसपोर्टर वीशू तायल का एके-47 के साथ फोटो वायरल होन से उसकी मुश्किले ओर बढ़ती नजर आ रही है और साथ खडे पुलिसकर्मी पर भी पुलिस अधिकारियों की गाज गिर सकती है। एके-47 के साथ खिचा फोटो एक कार्यालय के बाहर का बताया जा रहा है।



मुजफ्फरनगर: पालिका कार्यालय का निरीक्षण करतीं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप।



मुजफ्फरनगर: बुधवार की रात आई आंधी से भोपा रोड पर पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध।

# मुठभेड़ में दस हजार का इनामी घायल

## कोतवाली पुलिस का बुढ़ाना मोड़ पर हुआ बदमाशों से आमना-सामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस व बदमाशों के बीच बुढ़ाना मोड स्थित रजबाहे के निकट मुठभेड हो गई जिसमें एक गौकश घायल हो गया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध असलाह बरामद होना बताया और पुलिस का कहना है कि वह दस हजार का ईनामी था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार की दोपहर पुलिस चैकिंग कर रही थी। कोतवाली पुलिस ने जब बुढ़ाना



मोड की रजबाहे की पटडी की ओर पहुंची तो संदिग्ध लोगों को रूकने के लिए कहा, लेकिन उन्होने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग का जवाब जब पुलिस ने दिया तो एक बदमाश घायल हो गया। पास जाने पर पता चला कि घायल शौकीन उर्फ बल्लू पुत्र हाजी मेदू निवासी थाना लिसाढ़ीगेट मेरठ है। उन्होने बताया कि घायल गौकश है और उन पर दस हजार का इनाम घोषित था। घायल के खिलाफ पुरकाजी व भोपा में गौकशी के मुकदमें दर्ज है और वह इन मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध तीन-तीन थानों में किस-किस जनपद व राज्यों में अपराधिक मामले दर्ज है उनकी छानबीन की जा रही है।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# लेन देन को लेकर दो पक्ष भिड़े, पुलिस के सामने ही जमकर मारपीट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित आलू मिल के पास गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मेरठ के सदर बाजार निवासी आधा दर्जन कार सवार होकर बुढ़ाना मार्ग आलू मिल पर पहुंचे और खतौली निवासी एक ट्रैक्टर मालिक से लेन-देन के विवाद को लेकर उनका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मेरठ वासियों ने चौधरी धर्मकांटा के सामने खड़े एक ट्रैक्टर को जबरन ले जाने की कोशिश की। मारपीट की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करने का प्रयास किया तो एक पक्ष के लोगों ने पुलिस कर्मियों के साथ ही अभद्रता कर उनकी वर्दी उतारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने आरोपी लोगों को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग में चालान कर कार्रवाई की।

बता दे कि मेरठ और खतौली निवासी दर्जनों लोगों के बीच रुपए के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें गुरुवार को मेरठ निवासी कार सवार आधा दर्जन लोग बुढ़ाना मार्ग आलू मिल धर्म कांटे पर पहुँचे और खतौली और लोहड्डा निवासी ट्रैक्टर मालिक से रुपए देने की बात कही जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर कहा. सुनी हो गई और जमकर मारपीट हुई। इसी बीच मेरठ निवासी रूपए न देने पर खतौली निवासी ट्रैक्टर मालिक से उनका ट्रैक्टर जबरन ले जाने लगे। लेकिन खतौली और लोहढा निवासी आधा दर्जन लोगों ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद मेरठ वासियों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पीआरवी और कस्बे की चीता मोबाइल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने सभी को थाने चलने को कहा। इसी दौरान ग्राम लोहड्डा थाना रतनपुरी निवासी कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि इन लोगों ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की और वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इतना ही नहीं, पुलिस के सामने ही हमलावरों ने मेरठ निवासी पीड़ित पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मौके पर हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए हमलावरों को हिरासत में लेकर कोतवाली पर लाकर बैठा दिया। इस घटना की पुलिस को पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर नही दी गई थी। कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने हिरासत में लिए हमलावरों से कड़ी पूछताछ करने के बाद पुलिस से बदसलूकी करने के आरोप में हमलावरो समेत दोनों पक्षों गौरव महेश्वरी पुत्र राजू इंदि. रापुरम गाजियाबाद, विक्रम सोमानी पुत्र राकेश सोमानी निवासी मोदीपुरम पल्लवपुरम, आरिफ पुत्र अलीहसन निवासी लालकुर्ती मेरठ, हनी पुत्र राज. ेश निवासी मेरठ, दूसरे पक्ष से गौरव पुत्र सत्यपाल निवासी मोहम्मद पुर लोहढा, जितेंद्र पुत्र समय सिंह निवासी मोहम्मद पुर लोहड्डा, समीर पुत्र आबिद निवासी बुढाना मार्ग को फटकार लगाते हुय उनका शांति भंग में चालान कर दिया था।

### पूर्व प्रधान ने हमलावरों संग पुलिस से की बदसलूकी

**खतौली।** बुढाना मार्ग पर स्थित एक आलू मिल के पास रूपयों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने बुधवार को उग्र रूप ले लिया। मारपीट की इस घटना में रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहढा के पूर्व प्रधान पर मेरठ निवासी लोगों पर हमला करने के गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व प्रधान अपनी गाड़ी में कई लोगों को लाठी-डंडों से लैस कर मौके पर पहुँचा था और विपक्षियों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान पुलिस ने बीच-बचाव करने की को. शिश की, लेकिन पूर्व प्रधान व उनके साथियों ने पुलिस से भी बदसलूकी की। आरोप है कि उन्होंने पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी तक दे डाली।



खतौली: पकड़े गए हमलावरों को कोतवाली लाई पुलिस।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, युवती का काटा कान

**मोरना।** झोंपड़ी मे निवास करने वाले खाना बदोश समाज के दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई तथा एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए एक युवती का कान काटकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी जाफिर ने दी तहरीर में बताया कि पड़ोस की महिला खजाना अकारण ही उसे सुबह से गाली गलौज कर रही थी। जिसका उसकी बेटी महराना ने विरोध किया तो आरोप है कि नौबहार व आलम व साहिल, सलाम, खजाना, दिलजाना, गुढों घर में घुस आए और मेरी लडकी महराना, शबनूर, नाजिया व विकलांग बेटे शोएब के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी।

नौबहार ने महराना का बांया कान अपने मुंह से काट दिया तथा कान से सोने की बाली भी निकाल ली है। शोर शराबा सुनकर आए लोगों ने उसकी बेटी को बचाया। आरोपितों ने आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस खजाना, आलम, स्माइल तथा दिलजाना को हिरासत में लेकर थाने ले गई तथा घायल युवती को भोपा स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**मीरापुर।** भारत सरकार द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मीरापुर मंडल के आह्वान पर एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देश के वीर जवानों और भारतीय सेना के सम्मान में नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसका शुभारंभ मीरापुर की विधायक मिथलेश पाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत सैनी धर्मशाला से हुई, जो घास मंडी, सुभाष बाजार, नमक मंडी, सराय दरवाजा होते हुए थाने के पास अम्बेडकर भवन पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन स्थल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक मिथलेश पाल और पूर्व विधायक सुरेश चंद तितोरिया ने संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित किए। पूर्व विधायक सुरेश चंद तितोरिया ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों का सफाया कर साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह समस्त देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी देशवासी उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखेंगे। मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से न केवल आतंकियों को करारा जवाब दिया बल्कि पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जिन जवानों ने इस अभियान में प्राण न्यौछावर किए हैं, उन्हें राष्ट्र सदैव ख्र तज्ञता पूर्वक याद रखेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर ने बताया कि सेना के तीनों अंगों ने एकजुट होकर आतंकियों को उनके कृका माकूल जवाब दिया है।



यह रैली भारतीय सेना की ताकत और देशवासियों की एकजुटता का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रवीण, डॉ. सरताज, डॉ. इस्लाम, डॉ. शाहनवाज मेवाती, इन्द्रसिंह कश्यप, अभिषेक गर्ग, चन्द्रपाल, प्रदुमन वैद्य, विकास कौशिक, नितिन शर्मा, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, कृष्ण पाल बागड़ी, रामकुमार सैनी, रूप सिंह, मोहन सैनी सहित नगर के व्यापारी, सामाजिक संगठन, मेडिकल एसोसिएशन और 'मीडिया सेंटर मीरापुर' ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# आयुष्मान सक्सेना ने क्राइम वेब सीरिज में दिखाया अपना अभिनय

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के आयुष्मान सक्सेना ने अपने अभिनय के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। आयुष्मान सक्सेना ने हाल ही में रिलीज हुई क्राइम वेब सीरिज नॉक-नॉक कौन है किलर? में मुख्य भूमिका निभाई है। आयुष्मान सक्सेना मुजफ्फरनगर के ब्रह्मपुरी निवासी ज्योतिषविद् संजय सक्सेना और पूर्व सभासद रानी सक्सेना के 25 वर्षीय पुत्र हैं। आयुष्मान ने अपने अभिनय की शुरुआत डांस इंडिया डांस से की थी और इसके बाद कई विज्ञापनों और सीरियल में छोटे-छोटे रोल किए थे। **वेब सीरिज की कहानी** 'नॉक-नॉक कौन है किलर? वेब सीरिज एक तरफा प्यार और मोबाइल एप्स की खतरनाक दुनिया को प्रदर्शित करती है। आयुष्मान सक्सेना ने इस वेब सीरिज में तानिया नाम की युवती के दोस्तों की मंडली में शामिल होने के साथ-साथ विलन का किरदार भी निभाया है। **आयुष्मान के पिता की प्रतिक्रिया** आयुष्मान के पिता संजय सक्सेना ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को उसकी रुचि के अनुसार काम करने की स्वतंत्रता दी है। आयुष्मान के इस नए प्रोजेक्ट पर उन्हें बहुत गर्व है और उन्हें उम्मीद है कि आयुष्मान आने वाले समय में बड़े पर्दे पर भी अपने अभिनय का लोहा मनवाएगा। वेब सीरिज का प्लेटफॉर्म नॉक-नॉक कौन है किलर? वेब सीरिज अमेजन और एमएक्स प्लेयर पर लांच की गई है। आयुष्मान सक्सेना की इस वेब सीरिज में अभिनय को दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है और उन्हें उम्मीद




है कि यह वेब सीरिज उनके करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगी।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 10567/18.9.2020 में गलती से नाम अविका चौ. अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अविका चौधरी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथपत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**प्रीती देवी**
**पत्नी श्री रोहित कुमार**
**निवासी-ग्राम हरसौली,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### बैनामा कराने आए ग्रामीण की जेब कटी...

# जेबकतरे को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बैनामा कराने आए एक ग्रामीण की सब रजिस्ट्रार कार्यालय के अंदर एक जेबकतरे ने जेब काट ली। जिसकी जेब कटी उसको, जेबकतरे की लापरवाही के चलते रुपये फर्श पर पड़े मिले तो उसे शक हुआ और उसने अपनी जेब देखी तो जेब कटी हुई थी और उसमें से सभी 40 हजार रुपये भी गायब थे। इससे पहले जेबकतरा फर्श पर पड़े रूपये उठाता तब ग्रामीण ने शोर मचाकर जेबकतरे को दबोच लिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए तहसील कर्मचारियों व कुछ अधिवक्ताओं ने जेबकतरे को पकडकर मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में आज बृहस्पतिवार के दिन एक ग्रामीण बैनामा कराने के लिए आया हुआ था। कार्यालय में मौजूद एक जेबकतरे ने ग्रामीण की जेब काट ली लेकिन 40 हजार रुपये की रकम चोर के हाथों से फिसलकर नीचे गिर गयी। जिसको ग्रामीण ने देख लिया तो उसको अपनी जेब कटने का अहसास हुआ तो उसे समझते देर नहीं लगी और उसने शोर मचा दिया तो मौके पर कार्यालय के कर्मचारी और कुछ अधिवक्ता आ गये। जिन्होंने चोर को पकड़कर पीटा और सूचना देकर मौके पर आई पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस चोर को अपने साथ ले गयी। कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले भी डेढ़ महीने के अंतराल में दो लोगों की जेबें कटी थी लेकिन जेबकतरे का पता नहीं लग पाया था। उधर पुलिस ने पकडे गये चोर की तलाश शुरु कर दी। जेबकतरे की छाती पर दिलशाद नाम लिखा हुआ है जबकि पुलिस ने उसका नाम गुलाब निवासी गांव इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जिला शामली का रहने वाला बताया है। पुलिस जेब. कतरे से फिलहाल पूछताछ कर रही है।

# अपने दुश्मन का मर्डर करने वाले दोनों हत्यारे पुलिस मुठभेड़ में घायल

**बुढ़ाना।** कई वर्ष पुरानी रंजिश को बरकरार रखने वाले 2 सगे भाइयों ने 3 दिन पूर्व जिस किसान रविंद्र की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी उन दोनों हत्यारों को पुलिस ने मात्र 55 घंटे में ही गोली मारकर पकड लिया। पूछताछ में दोनों हत्यारों ने बताया कि मृतक से पुरानी रंजिश थी। कसम खाई थी कि बदला लेंगे। अब कई साल बाद मौका मिला तो हत्या कर दी और अपनी कसम पूरी की।

पुलिस ने दोनों घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि 3 दिन पूर्व बुढ़ाना क्षेत्र के गांव माजरा निवासी रविंद्र की गांव के ही 2 युवकों ने गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी और सोशल मीडिया पर अपना जुर्म कबूल कर फरार हो गये थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए भिजवाने के बाद हत्यारों की तलाश में 02 टीमें गठित की थी। घटनास्थल का निरीक्षण एसएसपी संजय वर्मा ने कर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र को हत्यारों को पकड़ने का 3 दिन का वक्त दिया था मगर उन्होंने 72 घंटे से पूर्व ही दोनों हत्यारों को बीते बुधवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर बसी खुर्द के रास्ते से उस समय मुठभेड़ में गोली मारकर पकड लिया जब वे भागने की फिराक में थे। इस मुठभेड़ में कांस्टेबल नकुल बाल बाल बच गया। दोनों हत्यारों ने घटना कबूल की और अपने नाम निखिल व विक्रान्त उर्फ विक्की पुत्रगण गजेन्द्र निवासी ग्राम टांडा माजरा बताया। पुलिस ने मौके से तमंचा, पिस्टल, 4 जिंदा, 2 खोखे कारतूस व बिना नंबर की बाइक बरामद की है।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के जिला महासचिव रोहित चावला का स्वागत

**मीरापुर।** कस्बे में सफाई कर्मचारियों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के जिला महासचिव रोहित चावला का भव्य स्वागत किया। गुरुवार को वह सफाई कर्मचारियों के निमंत्रण पर मीरापुर पहुंचे, जहां उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोहित चावला ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा किसी भी सफाई कर्मचारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यूनियन का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें एक सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी जानी और आश्वासन दिया कि यूनियन हर स्तर पर उनकी आवाज बुलंद करेगी।

### समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मु0नगर**

वाद सं0 T2024095506 02512 सन् 2024

1. महबूब पुत्र महफूज खां निवासी ग्राम हुसैनपुर बोपाडा परगना व तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।..... **प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

1. बीर सिंह पुत्र धर्म सिंह, 2. मकसूद पुत्र महफूज खां निवासीगण ग्राम हुसैनपुर बोपाडा परगना व तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
3. ग्राम सभा हुसैनपुर बोपाडा द्वारा ग्राम प्रधान हुसैनपुर बोपाडा परगना व तहसील खतौली जिला मु0 नगर। ........... **प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम हुसैनपुर बोपाडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह मिनजानिब बादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 28/05/2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्खत और मोहर अदालत के आज बतारीख 16/5/2025 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी**
**खतौली**

वाद के निस्तारण हेतू प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन (आदेश 5 कायदा 1 और 5) न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकरण / अपर कलैक्टर (वित्त एंव राजस्व) मुजफ्फरनगर

वाद सं0 D 202409550005597 सन् 2024 सूर्य प्रकाश पुत्र श्री कंवर सिंह, निवासी ग्राम लौहड्डा, परगना व तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।.....**प्रार्थी / आवेदक।**

**बनाम** ललित कुमार पुत्र श्री सूबे सिंह निवासी श्री सुरेश कश्यप पलम्बर (मिस्त्री), म0नं0- 174 घन्टाघर के सामने वाली गली, गौहल्ला गणेशपुरी, परगना व तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर। ....विपक्षी / विरोधी पक्षकार। वाद अं0 धारा 21 (2) B उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 (उत्तर प्रदेश एक्ट नं0 16 सन् 2021) आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/आवेदक ने आपके विरूद्ध किरायेदारी बेदखली अधिनियम के अर्न्तगत उपरोक्त वाद न्यायालय में योजित किया है, आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात होने के लिए दिनाँक 26.05.2025 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनाँक को न्यायालय में स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात नही होते तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण-दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 16 माह 05 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया। **आज्ञा से किराया प्राधिकरण/अपर कलैक्टर (वित्त एंव राजस्व) मुजफ्फरनगर**

# बैंकट हाल की छत गिरी, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक बैंकट हाल की बडी छत बीती देर रात आए तेज आंधी तूफान में उड गयी। इसी दौरान बिजली गिरने से बैंकट हाल के वाचमैन को जोर का करंट लगा तो वह सहम गया। सैंकडों टीन शेड चादरों में से कुछ टीन शेड चादर लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर इधर उधर पड़े मिले। बाकी टीन शेड चादरें मिल नहीं पाई। लगभग 06 लाख रुपये की कीमत का नुकसान बताया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर स्थित गोकुल फार्म जो कि केशव होटल के एक बडे हिस्से में बना हुआ है। बीती बुधवार की देर रात में अचानक से आए आंधी तूफान के चलते पहले तो आकाशीय बिजली गिरी। जिसमें यहां के वाचमैन गांव काकड़ा निवासी मनजीत को जोर का करंट लगा तो वह सहम गया। तब तेज तूफान में बैंकट हाल की छत जिसमें 53 सौ फुट टीन शेड की चादरें लगी हैं वो एक एक करके हवा में उखड़कर उड़ती हुई इधर उधर गिर गयी। जिसमें लगभग 06 लाख रुपये का नुकसान बताया गया है।

तूफान थमा तो बैकट हाल के मालिक इंद्रजीत राठी ने अपने घर के सदस्यों के साथ टीन शेड्स की तलाश की तो लगभग एक किलोमीटर दूर थोड़ी बहुत ही टीन शेड मिली बाकी टीन शेड्स का पता नहीं लग पाया। यह तो गनीमत रही कि बैकट हाल में कोई शादी विवाह का कार्यक्रम नहीं था नहीं तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी।

### हजारों रुपये की कीमत के फुंके उपकरण

**बुढ़ाना।** जब बीती देर रात आंधी तूफान आया तो बुढ़ाना कस्बे के सठेडी मार्ग पर स्थित राट्रीय इंटर कालेज बुढ़ाना के प्रधानाचार्य मास्टर संजीव पंवार के फार्म हाउस पर भी बिजली गिरी। जिसमें कैमरे डीवीआर, मोटर, स्टेपलाइजर, इन्वर्टर और जैनरेटर सहित अन्य उपकरण फुंक गये। लगभग 50 हजार रुपये का आसपास का नुकसान बताया गया है।

# राजवीर पर हमले के सभी आरोपी फरार, पुलिस ने तेज की दबिश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर जानलेवा हमले के पांच दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने हमलावरों की तलाश तेज करते हुए विभिन्न ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

घटना उस समय की है जब राजवीर सिंह स्कूल की छोटी बिल्डिंग में पूजा कर रहे थे। तभी उन पर अचानक जान लेवा हमला कर दिया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब भी चिंताजनक बताई जा रही है। इस हमले में स्कूल की प्रधानाचार्य ममता दत्ता शर्मा और एक शिक्षिका समेत कुल दस लोगों आशीष पीटीआई, श्रीकांत ट्रांसपोर्ट मैनेजर, आदि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा का कहना था कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, इलाके में घटना को लेकर लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग की है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की अपील कर रहे है।

### स्कूल मालिक पर जानलेवा हमले के बाद, हमलावर स्कूल की 10 गाड़ियां भी ले भागे

लाल दयाल पब्लिक स्कूल में पांच दिन पहले हुई सनसनीखेज वारदात ने इलाके में हड़कंप मचा दिया था। स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर उन्हीं के स्कूल स्टाफ के 10 लोगों ने उनके ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला किया था।

घटना के बाद आरोपी न सिर्फ मौके से फरार हो गए, बल्कि स्कूल की 10 गाड़ियां भी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद स्कूल वाहन गायब होने की जानकारी मिलते ही स्कूल चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने खतौली पुलिस को वाहन गायब होने की सूचना देते हुय बताया कि 6 मैजिक और 4 विंगर गाड़ियां भी लापता हैं, जिन्हें आरोपी अपने साथ ले गए हैं। चेयरमैन ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और स्कूल वाहनों की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार हमलावरों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। इस पूरे मामले ने स्कूल प्रशासन और अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच तेजी से चल रही है और जल्द ही सभी आरो. पियों और स्कूल वाहनों की तलाश की जा रही है। इस मामले में अभी तहरीर नही दी गई थी।

### समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब

(आदेश 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0-273 सन् 2023

1. फरागत पुत्र स्व0 नजीर, 2. शफाकत पुत्र स्व0 नजीर, 3. शौकत पुत्र स्व0 नजीर। निवासीगण ग्राम सुजडू तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर...............**वादीगण**

**बनाम**

1. मौ0 समर पुत्र मौ0 यामीन निवासी मकान नम्बर 762/2 मौहल्ला रहमतनगर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश।, 2. मौ0 वाजिद अहमद पुत्र हमीद अहमद निवासी मकान नं0 34 मौहल्ला खालापार मुजफ्फरनगर।, 3. गुलफाम पुत्र नजबूल निवासी मकान नं0 858 मौहल्ला कुमार पट्टी सुजडू मुजफ्फरनगर। ............**प्रतिवादी**


आपके इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 22 मई सन् 2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स को कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर बापके मसमूह फैसला होगा।

बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 01 मई सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायाय द्वारा जारी किया गया।

नियत दिनांक-22.05.2025

**आज्ञा से**
**सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर**

## लापता



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नौमान अली पुत्र समेदीन निवासी ग्राम बहेड़ी, मुजफ्फरनगर, जो सीआरपीएफ में नौकरी पर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा है और लापता है, यदि किसी को उनके बारे में कोई जानकारी मिले, तो इस नंबर पर सूचना देने की कृपा करें।

**मो. नं- 8791807476**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नूर मौहम्मद उर्फ बंटी ने कोर्ट मैरिज की है और नूर मौहम्मद उर्फ बंटी मेरे व परिवार के कहने सुनने में नहीं है। इसलिए मैं नूर मौहम्मद उर्फ बंटी व उसकी पत्नी मुस्कान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है वह अपने कृत्य व किसी भी लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।**

**नूरहसन पुत्र मुनफैत**
निवासी ग्राम दतियाना
थाना छपार, मुजफ्फरनगर

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अखलीम व उसकी पत्नी शन्नो मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है तथा ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करते है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अपने किये के ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अकबर पुत्र अजीम निवासी**
**ग्राम पुरबालियान थाना**
**मन्सूरपुर जिला-मुजफ्फरनगर**

# चकबंदी कार्यकर्ता संघ चुनाव में धर्मेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष व भरत सिंह बने महामंत्री

## अब्दुल कवि, सतीश शर्मा व विजयपाल रहे चुनाव अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिनांक 22.5. 2025 को चकबंदीकर्ता संघ शाखा जनपद मुजफ्फरनगर का अधिवेशन एवं जनपद कार्यकारिणी का निर्वाचन रेलवे स्टेशन के पास स्थित ट्यूलिप रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश चकबंदीकर्ता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सहजराम कन्नौजिया, सौरभ पराशरी मंडल अध्यक्ष बरेली के तत्वाधान में सतीश कुमार शर्मा, विजयपाल सिंह एवं अब्दुल कवि चुनाव आधिकारियों की देखरेख में कराया गया, जिसमें आम सहमति से धर्मेन्द्र कुमार को जिलाध्यक्ष, भरत सिंह को महामंत्री, रमेश कुमार सरंक्षक, मेनपाल, कार्यवाहक




अध्यक्ष, ऋषि कुमार कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मेन कुमार संप्रेक्षक बने।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 120/19.06.2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम पुनीत अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**श्रीमती प्रमिता**
नसीरपुर रोड, सुभाषनगर, सरवट
मुजफ्फरनगर।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 265/16.04.2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम नैतिक अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**श्रीमती प्रमिता**
नसीरपुर रोड, सुभाषनगर, सरवट
मुजफ्फरनगर।

# पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर हठवादी रवैया अपनाने और हड़ताल थोपने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का तीन घंटे का व्यापक विरोध प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन निजीकरण की जिद पर अड़ा हुआ है, हठवादी रवैया अपना रहा है और शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपना चाहता है। संघर्ष समिति ने जोर देकर कहा है कि निजीकरण की आड़ में अरबो रुपए के घोटाले की तैयारी है।



संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संघर्ष समिति की हड़ताल करने की अभी कोई नोटिस नहीं है किन्तु पावर कारपोरेशन के चेयरमैन,मुख्य सचिव को और शासन के बड़े अधिकारियों को पत्र भेज कर गुमराह कर रहे हैं, कि बिजली कर्मी हड़ताल पर जाने वाले हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि चेयरमैन के पत्र के आधार पर जनपदों में जिला अधिकारियों द्वारा हड़ताल से निपटने की तैयारी के आदेश जारी किए जा रहे हैं जिससे अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बन रहा है।

संघर्ष समिति ने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन, जिस पर अमे. रिका में पेनल्टी लगाई गई है, पर कार्यवाही करने के बजाय पावर कॉरपोरेशन संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि टेंडर मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष के रूप में निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। नए निदेशक वित्त पुरुषोत्तम अग्रवाल ने निजीकरण में हो रहे बड़े घोटाले को देखते हुए कार्यभार ग्रहण करने से मना कर दिया है। अब निधि नारंग को दूसरी बार कार्य विस्तार दिया जा रहा है क्योंकि निधि नारंग अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के लिए तैयार हो गए हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव , जो शासन के सबसे बड़े अधिकारी हैं और एनर्जी टास्क फोर्स के अध्यक्ष है, को तत्काल कार्यवाही कर अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति को रद्द करना चाहिए।संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं।

ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द कर दी जाए और निजीकरण का निर्णय वापस ले लिया जाए तो बिजली कर्मी कोई आंदोलन नहीं करेंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि बिना मूल्यांकन किए एक लाख करोड रुपए से अधिक की पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की परिसंपत्तियों को कुछ हजार करोड़ रुपए में निजी घरानों को बेचने की तैयारी है। 42 जनपदों की सारी जमीन निजी घरानों को मात्र एक रुपए की लीज पर दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

संघर्ष समिति इसी लूट का विरा. ेध कर रही है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार दूसरे दिन बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने प्रदेश के समस्त जनपदों, परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में अपराह्न 2:00 से शाम 5:00 बजे तक 3 घंटे का व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के विरोध में आंदोलन उपभोक्ताओं को साथ में लेकर लड़ा जा रहा है।

अत: विरोध प्रदर्शन के कारण से उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को चेतावनी दी है कि वे उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को न करें अन्यथा इस भीषण गर्मी में ऊर्जा निगमों में अशांति की पूरी जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी।

आज वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कानपुर, केस्को, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, देवी पाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सीतापुर , रायबरेली, ओबरा, अनपरा, पिपरी, परीक्षा, हरदुआगंज , जवाहरपुर और पनकी में विरोध प्रदर्शन किया गया।

# समर कैंप जैसी गतिविधियां बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर: प्रबंधक

■ किड्स हैवन पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना मार्ग पर स्थित किड्स हैवन पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान, संस्थापिका सुनीता धीमान, चेयरमैन डॉ सुनील कुमार एवं प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से समापन समारोह में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित किया और समर कैंप की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

समर कैंप के दूसरे दिन प्रतियोगिता,फैंसी ड्रेस शो, लूडो,कैरम बोर्ड,और अन्य कई ज्ञानवर्धक व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरी लगन और उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम की संयोजि. का सविता धीमान सहित रिकी नेहा राधिका माही कहकसा त्यागी मेघा धीमान निहारिका त्यागी रिशा सैनी लावण्या त्यागी पूनम सिंघल फरहत शमा परवीन अमिता धीमान रेनू शर्मा पूजा सिंघल लक्ष्मी विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को रसना भेल खिलाते हुए समर कैंप का उत्साह पूर्वक समापन किया गयाविद्यालय संस्थापिका और प्रबंधक ने कहा



कि बच्चों का समग्र विकास केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। समर कैंप जैसी गति. विधियाँ बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर प्रदान करती हैं। बच्चों ने जिस उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया, वह प्रशंसनीय है।

विद्यालय अध्यक्ष डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र होता है, बल्कि यह बच्चों को जीवन मूल्यों, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की शिक्षा भी देता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों ने अनुशासन, समय प्रबंधन और रचनात्मकता सीखी है, जो उनके भविष्य में बहुत उपयोगी सिक्त होगी।

# भोपा में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भोपा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेनिको के सम्मान व सैनिको के उत्साहवर्धन के लिए भोपा मे भाजपाइयो द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों ने देश भक्ति के जज़्बे के साथ भाग लिया। भोपा मे आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ बस स्टेण्ड स्थित शीतला माता मंदिर से हुआ



जहां जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की पूरा देश सैनिको के पराक्रम पर गोरान्वित है। कुछ विदेशी ताकतें सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार का प्रयास कर रही हैं। नागरिक भारतीय चौनलो के समाचार को ही देखें, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आतंकवाद को समाप्त करने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। मंडल अध्यक्ष संजय कोरी,राम कुमार शर्मा सतनाम बंजारा, विजय प्रजापति ने कहा की हमारी सेना शौर्य, साहस, संयम का प्रतीक है। भारत की निति, प्रधानमंत्री की नीति आतंकवाद को समाप्त कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की है। स्वाभिमान और सम्मान देश हित सर्वोपरि हैं। इस अवसर पर अमित बंजारा,बृजवीर सिंह, प्रधान तरुण धीमान, मनोज कुमार, इरम जैदी, अनुज गोयल, सचिन कटारिया, प्रदीप निर्वाल, आशीष निर्वाल प्रीतम चौहान, भीषमदास, संदीप तिस्सा, अमित कश्यप, नरदेव, वीरेन्द्र, रवि आर्य आदि उपस्थित रहे यात्रा मुज़फ्फरनगर मोरना मार्ग पर होते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के केम्प कार्यालय पहुंची जहां स्वागत के उपरांत यात्रा का समापन हो गया

## देश का नेतृत्व हिमालय जैसा मजबूत

**भोपा।** वहीं मोरना मे शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरुण पाल के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसका शुभारम्भ चौधरी चरण सिंह चौक से हुआ यात्रा शुकतीर्थ मार्ग से होती हुई मंडल अध्यक्ष कार्यालय पर पहुंची जहां अरुणपाल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सैनिको को नमन करते हुए कहा की आज देश का नेतृत्व मज़बूत हाथो मे है। पूरा बिश्व भारत की शक्ति को देखकर देश का सम्मान कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

# सड़क निर्माण को लेकर ब्लॉक प्रांगण में भाकियू टिकैत की बैठक



**चरथावल।** चरथावल थानाभवन मार्ग पर पिछले तीन दिनों में तीन दुर्घटनाओं के भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में ब्लॉक प्रांगण में सड़क निर्माण को प्रारंभ कराने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी और चेयरमैन नगर पंचायत चरथावल मास्टर इस्लामुद्दीन के नेतृत्व में नगर क्षेत्र की भरी भीड़ उमड़ी। सभी वक्ताओं ने एक सुर में सड़क निर्माण न होने से चरथावल में हो रही दुर्घनाओं पर रोष जताया। चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चरथावल मगर में पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते कई जाने जा चुकी है।अगर प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग जल्द इस मामले में कार्यवाही नहीं करता तो जल्द बड़ा आंदोलन किया जाएगा।वही संजय त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष भाकियू ने भी प्रशासन को जल्द से जल्द सड़क निर्माण नाले सहित करने को चेताया।बैठक में एसडीएम सदर द्वारा अपने स्थान पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी को ज्ञापन लेने भेजने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने रोष फैल गया।नाराज भाकियू नेता संजय त्यागी और चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन के नेतृत्व में सड़क पर आकर नारेबाजी करने लगे।जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को ज्ञापन सौंपने को कार्यकर्ताओ ने पैदल मुजफ्फरनगर की और कुच कर दिया।इस दौरान सड़क के दोनों और लम्बा काफिला वाहनों का हो गया।लुहारी अढे पर आईजी पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे पैदल मार्च में एसडीएम सदर निकिता शर्मा और चरथावल थानाध्यक्ष जसवीर सिंह भारी फोर्स मौके पर पहुंची।बीच सड़क रोके जाने पर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने एसडीएम से वार्ता को इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह के समझाने पर चरथावल चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन और संजय त्यागी के नेतृत्व में सड़क निर्माण तुरंत कराने और दधेडू व बिरालसी की तर्ज पर नगर में भी सड़क निर्माण मानकों के अनुरूप करने का ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान रोबिन सिंह,महकार राणा,मुजम्मिल राणा,सलीम अंसारी,जावेद त्यागी, गुड्डू फौजी, बबलू प्रधान, संदीप चौधरी, विशाल चौधरी,शाकिब नूर,हाजी हुसैन त्यागी,डाक्टर उस्मान त्यागी,जीशान त्यागी, ठाकुर मानचंद प्रधान, श्रीकांत सैनी, बॉबी सैनी, हारून,शहजाद,फैजाब मास्टर,आशु, नूरु, समीर आदि मौजूद रहे।

## राजपुर से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे मुजफ्फरनगर

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर से किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह की रैली में सैंकड़ों ग्रामीण विभिन्न वाहनों के द्वारा मुजफ्फरनगर नारेबाजी करते हुए पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार आज गांव राजपुर और छाजपुर से भारी संख्या में ग्रामीण ठाकुर पूर्ण सिंह की रैली में शामिल होने के लिए अपने वाहनों से मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए। जिसमें मुख्य रूप से ठाकुर संजय सिंह, ठाकुर राजदीप सिंह, सोहन सिंह, विकास कुमार, वीर सिंह, मोनू सिंह, राजेश कुमार और मास्टर जगजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण गांव से ट्रैक्टर में सवार होकर मुजफ्फरनगर गये।



**बुढाना:** कलेक्ट्रट में प्रदर्शन को बैठे बुढ़ाना के किसान।

# महिला के ऊपर जानलेवा हमला, जातिगत टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम चौकडा से पुलिस ने महिला के ऊपर जानलेवा हमला करने एवं जातिगत टिप्पणी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों का चालान करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। सीओ सदर देवव्रत वाजपेई के निर्देशन में चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार,उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल जुहैब आलम आदि ने मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के ग्राम चौकडा से महिला के ऊपर जानलेवा हमला करने एवं एससी एसटी एक्ट में नामजद वांछित अभियुक्त संजय उर्फ संजू पुत्र नकली व पूर्ण सिंह पुत्र नकली निवासीगण ग्राम चौकडा थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्त का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

# जनपद में एड्स के रोगी बढ़ने से मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** एड्स के रोगियों की संख्या में गत वर्षों की तुलना में बढ़ोतरी होने से हडकंप मचा है। शामली और मुजफ्फरनगर जिले से नए एड्स के 60 रोगी 2024 में सामने आए हैं। पिछले तीन महीने से जिला अस्पताल के एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर पर प्रति सप्ताह एक से दो मरीज एचआईवी का टेस्ट कराने में पहुंच रहे हैं, जिनमें 90 प्रतिशत का एचआईवी टेस्ट पाजीटिव आ रहा है। बढते हुए रोगियों के बीच सेंटर से सभी की दवाईयां और मानिटरिंग चल रही है। एड्स रोगियों में भी पुरूषों की संख्या अधिक हैं। इसमें भी शामली एचआईवी पाजीटिव लोगों की संख्या ज्यादा है।

सयंम और सुरक्षा एड्स से रक्षा का स्लोगन शायद ही लोग भूलते जा रहे है। इसका प्रमाण जनपद में बढते हुए एड्स रोगियों की संख्या है। मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल में एआरटी सेंटर संचालित है, जहां एचआईवी संदिग्ध मरीजो की जांच होती है। जांच में एचआईवी पाजीटिव मिलने पर मरीज का नियम अनुसार उपचार और देखभाल की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बताते हैं कि मुजफ्फरनगर में संचालित एआरअी सेंटर पर मुजफ्फरनगर और शामली जनपद के एड्स रोगियों को दवाई, देखभाल और उपचार चलता है। सेंटर पर पंजीकृत एड्स रोगियों में मुजफ्फरनगर में शामली से ज्यादा एड्स के रोगी है। इसमें भी पुरूषों की संख्या ज्यादा है। 2150 एड्स रोगियों में 845 महिला एड्स रोगी है। ज्यादातर एड्स पीडित मरीजों की उम्र 45 आयुवर्ष से अधिक है।

# नन्हें मुन्ने कई बच्चों ने रैम्प पर किया कैटवॉक

■ बच्चों ने फैशन शो में दिखाए प्रतिभा के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना के किंडन विभाग ने फैशन शो का सफल आयोजन किया। जिसमें नन्हें मुन्ने छात्र छात्राओं ने रैम्प पर कैटवॉक कर खूब मस्ती कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों के प्रदर्शन को देखकर सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गये। छात्र छात्राए यहां पर एक से एक नया परिधान पहने हुए थे जिसमें भारतीय संस्ख्रति झलक रही थी। सभी प्रतिभागी बच्चों ने इस फैशन शो को ऐसा बना दिया जैसे सच में विदेश में इस कार्यक्रम का



आयोजन हो रहा हो। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के दयानन्द इण्टर कालिज बुढ़ाना में समर कैम्प के दूसरे दिन नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी अलग अलग वेशभूषा में रैम्प पर कैटवॉक करते हुए जलवा बिखेरा। फैशन शो के दौरान नयी और रंगीन ड्रेस पहनकर बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखाई दिये। बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए सभी ने मिलकर काफी देर तलक तालियाँ बजायी। इस अवसर पर यहां विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, संचालिका उमेश सहरावत एवं प्रधानाचार्य सहित समस्त अध्यापक और अध्यापिकाओं की भी उपस्थित देखने को मिली। कुल मिलाकर बच्चों ने रैम्प पर शानदार प्रस्तुति कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

# विद्युत चोरी रोकने को चलाया विशेष अभियान

**बुढ़ाना।** विद्युत विभाग की टीम ने बिजली की चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 4 चोरों को बिजली की चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग की टीम ने बुढ़ाना बिजलीघर के अवर अभियंता मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस को साथ लेकर बिजली चोरी करने वालों की तलाश की। जिसमें टीम को शाहिद पुत्र शफीक अपने परिसर पर लगे मीटर की मैन इंक. मिग केबल में मीटर से पहले कट लगाकर अतिरिक्त केबल जोडकर विद्युत चोरी करते पाया गया। इसके अलावा इरशाद पुत्र यामीन और जीशान पुत्र कालू निकट की एलटी लाइन से अतिरिक्त केबल जोडकर



विद्युत चोरी करते पाया गया। टीम को देखकर अन्य चोरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम में मुख्य रूप से टीजी टू दीपक कुमार, अवर अभियंता प्रवर्तन दल प्रदीप कुमार शर्मा, प्रभारी प्रवर्तन दल मौहम्मद शाकिर अली, सब इंस्पैक्टर विष्णु प्रसाद, हैड कांस्टेबल रामकिशन यादव, हैड कांस्टेबल पंकज कुमार, हैड कांस्टेबल संजय सिंह बिष्ट, महिला हैड कांस्टेबल समीरा परवीन, संविदाकर्मी शिवम और संविदाकर्मी कपिल आदि विद्युतकर्मी मौजूद रहे। सभी चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

## रामप्यारी में मेधावी बच्चों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** विद्यालय रामप्यारी बेगराज मैमोरियल इंटर कॉलेज, गांधी नगर में हाईस्कूल बोर्ड बोर्ड परीक्षा एवं इटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में जिले के टॉप 10 में स्थान वाले विद्यालय के छात्र एवं 75 प्रतिशत से अधिक अंक पानले वाले छात्रों को कूकडा के सभासद प्रशांत गौतम एवं विद्यालय प्रबंधक अश्वनी शर्मा ने सामूहिक रूप से ट्राफी एवं नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया तथा अपने सम्बोधन में अन्य बच्चों को भी अनुशासित रहकर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उत्साहित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रवीण सिंघल ने मुख्य अतिथि तथा आये हुए अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

# प्रजापति समाज ने किया भागीदारी पार्टी के अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**जानसठ ।** भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कस्बे में पहुंचने पर प्रजापति समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया और आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को सुना।

बृहस्पतिवार को भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति का मुजफ्फरनगर में प्रजा. पति समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया जैसे ही मुजफ्फरनगर से जानसठ पहुंचे भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति कस्बा जानसठ में मेहलकी के पूर्व प्रधान राजकुमार उर्फ राजू प्रजापति के आवास पर पहुंचे जहां पर समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की भागीदारी पार्टी सभी समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है ओर कहा कि हमारी पार्टी स्वास्थ्य बेहतर शिक्षा बिजली पानी आवास आदि पर कार्य किया जा रहा है एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब तक जितनी भी सरकारी आई हैं सभी सरकारों में नागरिकों का उत्पीड़न किया गया है जिसके पास रहने के लिए ना तो मकान है ना बेहतर शिक्षा है ना ही बेहतर स्वास्थ्य है इस पर भागीदारी पार्टी लड़ाई लड़ रही है उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में प्रजापति समाज की आबादी 18 प्रतिशत से ज्यादा है अब समय पर परिवर्तित हो रहा है चित्रकूट में आज भी रहने के लिए नागरिकों के पास मकान नहीं है उन्होंने बताया कि शिल्पकार 17 जातियों को लेकर अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रलोभन समा. जवादी सरकार द्वारा दिया गया था लेकिन सपा सरकार ने गुमराह कर वोट बैंक में इस्तेमाल किया है भागीदारी पार्टी शिल्पकार 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रही है इस दौरान भागीदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व 2022 के विधानसभा चुनाव में खतौली विधानसभा से प्रत्याशी रहे रमेश चंद्र प्रजापति सहित गांव मेहलकी के पूर्व प्रधान राजकुमार प्रजापति जयकिशोर प्रजापति सोनू प्रजापति राहुल प्रजा. पति भवन सिंह प्रजापति आदि प्रजापति समाज के लोग मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर:** भागीदार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति के साथ मौजूद लोग।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:** **एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वन विभाग कर्मियों पर रिश्वतखोरी और अभद्रता का लगाया आरोप, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कच्ची गढ़ी क्षेत्र में इन दिनों वन विभाग के कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर चर्चाएं गर्म हैं। एक ओर जहां उन पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके अभद्र व्यवहार को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

गुरुवार को मामला विधानसभा प्रभारी चौधरी इंद्रसेन के मुनीम मामचंद से जुड़ा है, जो सूखे आम के पेड़ लेकर कच्ची गढ़ी की आढ़त पर पहुंचे थे। मामचंद का कहना है कि ए पेड़ बीती रात आई आंधी-तूफान में गिर गया था और पूरी तरह से सूख चुका था। उसी दौरान वन विभाग का एक कर्मचारी मौके पर पहुंच गया और बिना अनुमति पेड़ बेचने को लेकर सवाल करने लगा। मामचंद ने जब पेड़ गिरने का कारण बताया तो कर्मचारी कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। जब मामचंद ने उसका नाम पूछा तो उसने धमकी भरे लहजे में जवाब देना शुरू कर दिया। बाद में पता चला कि वह कर्मचारी सुनील कुमार है। घटना के दौरान काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर कहा-सुनी हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुनील कुमार ने मौके पर 17 हजार की मांग की थी। वहीं इसी विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सुनील कुमार कुछ किसानों और आढ़तियों के साथ बहस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक किसान कर्मचारी पर पूर्व में 40 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप भी लगाता है। जवाब में सुनील कुमार श्हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े-लिखे को फारसी क्याश कहावत का हवाला देते हुए धमकी देता है कि यहां तुम्हारी सारी दुकानें बंद करवा देंगे। इस पर किसान दो-टूक जवाब देता है हम तो अपनी खेती-बाड़ी कर लेंगे, लेकिन आपकी धौंस नहीं सहेंगे।

इसी वीडियो में कर्मचारी किसानों पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते नजर आते हैं। वहीं, सुनील कुमार पर एक स्थानीय दुकानदार ने यह आरोप भी लगाया है कि उन्होंने केले और कोल्ड ड्रिंक लेकर पैसे नहीं चुकाए। जब इस संबंध में कर्मचारियों से सवाल किया गया तो उन्होंने सफाई दीकृष्हम किसी से कोई रिश्वत नहीं लेते। केले-कोल्ड ड्रिंक की बात झूठ है। हम तो सड़क किनारे रुककर नल का पानी पी लेना पसंद करते हैं। इस पूरे मामले ने वन विभाग की छवि को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जबकि इससे पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



## आंधी तूफान से विद्युत व्यवस्था चौपट, फसलों को नुकसान

**नहटौर।** बुधवार की सायं को आंधी तूफान आने से नहटौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काफी नुकसान हुआ है। नहटौर, खंडसाल, बसावनपुर, काजीपुरा से संबंधित विद्युत लाइनों के करीब 150 विद्युत पोल गिर गए। इसके अलावा सलेमपुर व महमूदपुर भिक्का व खंडसाल क्षेत्र सहित 7 विद्युत ट्रांसफार्मर गिर गए, जिससे विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइनों को ठीक करने में लगे हुए हैं। विद्युत विभाग के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि गुरुवार की सायं 7:00 बजे तक सभी फीडरों की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। आंधी तूफान आने के कारण जगह जगह सड़कों पर पेड़ टूट कर गिर गए। इसके अलावा आम की फसल को भी नुकसान हुआ है।

# आकाशीय बिजली गिरने से ट्रैक्टर खाक






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार शाम अचानक हुई आंधी-बारिश से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। खादर क्षेत्र के गांव नंगलाराई निवासी इलियास पुत्र अफलातून का महिंद्रा-575 ट्रैक्टर घर के सामने स्थित छप्पर के नीचे खड़ा था। शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर आकर गिरी, जिससे छप्पर में आग लग गई। छप्पर में खड़ा किसान का ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आ गया। किसान ने परिजनों व ग्रामीणों के साथ में मिलकर पानी व मिट्टी आदि से छप्पर व ट्रैक्टर में लगी आग पर बामुश्किल काबू पाया, लेकिन तब तक छप्पर व ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। इसके अलावा, किसान के छप्पर के निकट स्थित कमरे में रखा भूसा भी आग के चपेट में आकर स्वाहा हो गया। वहीं, कमरे की खिड़की भी आकाशीय बिजली से क्षतिग्रस्त हुई है। किसान ने करीब साढ़े तीन लाख रूपए का नुकसान होने की बात कही है। वहीं, पीड़ित किसान ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

**लिप्टिस का पेड़ गिरने से मकान की दीवार व छप्पर धराशाई**

बुधवार शाम आए आंधी-तूफान से गांव मवी में यमुना बांध पर खड़ा लिप्टिस का पेड़ पास में ही स्थित दो सगे भाइयों इसरार व इस्तकार के मकान पर आ गिरा, जिससे मकान के आंगन में बना छप्पर व दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना के वक्त दोनों भाइयों के परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे, जिसके चलते कोई सदस्य पेड़ की चपेट में नही आया। पीड़ित दोनों भाइयों का कहना है कि मकान के सामने यमुना बांध पर लिप्टिस के करीब 15-16 पेड़ खड़े हुए है। जो आंधी-तूफान में गिरकर उन्हें नुकसान पहुंचाते रहते है। उन्होंने पूर्व में वन विभाग को प्रार्थना-पत्र देकर उक्त पेड़ो को यहां से निकलवाने की मांग की थी, लेकिन आजतक कोई कार्यवाही नही हुई। वहीं, गांव का पूर्व प्रधान दिलशाद बुधवार शाम बाइक से अपने खेत गया था। बाइक खड़ी करके वह खेत में कार्य कर रहा था। इसी दौरान तूफान के चलते वहां खड़ा लिप्टिस का एक पेड़ उसकी बाइक पर आ गिरा, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पानीपत मार्ग पर स्थित मजीद कॉलोनी में मुंतियाज का मकान है। बुधवार देर शाम आए आंधी-तूफान से पड़ोसी इरफान के मकान की दीवार मुंतियाज के घर की छत पर आ गिरी, जिससे छत क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि परिवार का कोई सदस्य छत के मलबे की चपेट में नही आया।

**बाल- बाल बचा मजदूर युवक**

बुधवार की देर शाम तेज आंधी व बारिश के साथ आकाशीय बिजली की तड़तड़ाहट से दहशत फैल गई। नगलाराई के माजरा (खेड़ा) में स्थित खुर्शीद के खेत पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसमें आसिफ उर्फ लाला निवासी गांव रामडा बाल- बाल बच गया और आकाशीय बिजली की चपेट से बचने के प्रयास में वह घायल हो गया।




**शामली।** देर रात्रि आई झमाझम बारिश और तेज आंधी के बाद पूरे शहर में अंधेरा छा गया था। मौसम खराबी के कारण रात्रि में दुकाने भी जल्द बंद हो गई थी। बारिश के बाद शहर के नेहरू मार्किट, भिक्की मोड, कबाडी बाजार, कलंदरशाह, अजंता चौक, कैराना रोड आदि स्थानों पर जलभराव की समस्या रही।

गुरूवार सवेरे होने पर जब लोग बाजार की तरफ निकले तो बाजारों में कीचड फैला हुआ मिला। बाजारों में कीचड फैलने से राहगीरों को तो परेशानी हुई ही है साथ ही दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पडा। दुकानदारों ने स्वयं हाथों में झाडू और वायपर लेकर साफ सफाई की। शहर के नेहरू मार्किट में दुकानदार स्वयं साफ सफारक करते दिखाई दिए। उन्होने कहा कि नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की साफ सफाई नही कराई गई, जिस कारण जल निकासी न होने से कूडा करकट सडकों पर फैल गया। उन्होने नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है।

**जलालाबाद।** बुधवार की शाम आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित नजर आया। बिजली गायब रही बागो आम की फसलो को भारी नुकसान पहुचा, वही लीची की फसल को भी नुकसान है।

जलालाबाद क्षेत्र मे बुधवार की शाम तेज आंधी व बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। जहां बत्ती गुल रहने से लोगो को परेशानी का सामना करना पडा वही तेज आंधी से लीची व आम की फसलो को भी नुकसान पहुचा है। बागों में कच्चे आम नीचे गिर गए जिसे बागवानी करने वाले लोगो को बडा नुकसान उठाना पडा है। बागवान शमीम अहमद ने बताया कि तेज आधी आई मगर हमारे क्षेत्र को छूकर निकल गई बहुत अधिक नुकसान से बाल बाल बचे है हालाकि आम व लीची टूटकर गिरी है परन्तु बहुत अधिक नुकसान से बच गए जबकि आस पास के क्षेत्रो में आम व लीची की फसल को काफी नुकसान पहुचा है।

## हसनपुर लुहारी-अंबेहटा मोहन रजवाहे की पटरी क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** बुधवार की शाम हसनपुर लुहारी रजबाहे में अचानक अधिक पानी आने से इस्माईल पुर के निकट रजबाहे की पटरी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। पटरी के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणो का जलालाबाद, थानाभवन और हसनपुर लुहारी आदि से संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा। जलालाबाद क्षेत्र के हसनपुर लुहारी मार्ग से अम्बैहटा जाने वाली रजबाहे की पटरी इस्माईल पुर के निकट बुधवार की शाम को अचानक रजबाहे मे अधिक पानी आने से क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। इसकी सूचना सिचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग को दी गई। सूचना के बाद दोनो विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों और ग्रामीणों से बातचीत की। कुछ ग्रामीण ने बताया कि किसानो ने सिचाई के लिए बिना अनुमति के सडक के नीचे बम्बा दबाया दिया था। रजबाहे मे अचानक तेज पानी आने से बम्बे के नीचे से मिटटी बह गई जिसके चलते उक्त स्थान से सडक पूरी तरह से क्षतिगस्त होकर नीचे बैठ गई। पटरी मार्ग ातिग्रस्त होने से आवागमन में क्षेत्र के लोगो को परेशानी से जूझना पड रहा है। इस सम्बन्ध में दोनो विभाग के अधिकारियो से सम्पर्क करने की कोशिश की गई परन्तु सम्पर्क नही हो सका।

# भारत का सौंदर्य है अनेकता में एकता







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में सीबीसई द्वारा निर्देशित नई शिक्षा नीति अंतर्गत एक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखाने के लिए गुरूवार को सीबीएसई भारतीय समर भाषा कैंप का आरंभ किया गया। जिसमें करीब 80 बच्चों को पंजाबी एवं मराठी भाषा सीखने का अवसर मिला।

समर कैंप का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को छोटी उम्र में एक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर बहु भाषावाद को बढ़ावा देना है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों को उनकी मातृभाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषा में बातचीत करने में कौशल हासिल कर सक्षम बनाना है। दूसरे राज्य में बोली जाने वाली भाषाओं का ज्ञान बच्चों के भविष्य में भारत में कहीं भी नौकरी पाने में मदद करेगा। एक और भारतीय भाषा सीखे यह आज के समय की मांग है। साथ ही अन्य भारतीय भाषा सीखने से अपनी सम्मान सांस्कृतिक ज्ञान और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा मिलता है।

स्कूल में 22 मई से 30 मई तक चलने वाले समर कैंप में बच्चों को विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक कौशलो के साथ-साथ खेल कलात्मक, सज्जात्मकता, संगीत, नृत्य और चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण भी आनंदमय वातावरण में दिया जाएगा। स्कूल में आयोजित समर भाषा कैंप के प्रथम दिन स्कूल के अध्यापिका रेनू मिश्रा ने बच्चों को मराठी एवं हरमन कौर ने पंजाबी भाषा सिखाकर बच्चों की शब्दावली को समृद्ध किया। बच्चों ने नई भाषा सीखकर अत्यंत रोमांच का अनुभव किया।

## एक नजर

### बेहराम शाह की मजार पर फिर लगा मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीर बेहराम शाह की मजार पर महीने की दूसरी जुमेरात में फिर मेले का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों गुड़ के चावल चढ़ाकर मन्नत मांगी। मेले में छोटे बच्चों से लेकर बड़ों ने उत्साह के साथ पीर बेहराम शाह के मजार की जियारत की। बृहस्पतिवार को पीर बेहराम शाह की मजार पर दूसरी जुमेरात के मेले में खासी भीड़ देखने को मिली। बिडोली सादात के पास यमुना नदी के बंधे पर यह पीर बेहराम शाह बाबा का मजार पर जेठ और असाढ़ माह में मेले का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुगण गुड से बने चावलों का प्रसाद पीर पर चढ़ा कर मन्नत मांगते हैं। मजार पर आए मंदबुद्धि जैसे बच्चों के ठीक होने की बात बहुतायत प्रचारित है। मेले में मजार पर दूर दूर से परिजन मंदबुद्धि बच्चों को यहां लेट हैं। गांव के पूर्व प्रधान अच्छू मियां बताते हैं कि हिंदी वर्ष के प्रत्एक ज्एष्ठ और आषाढ़ माह की प्रत्एक जुमेरात को इस पीर पर मेला लगता है। इस मेले में झूले और बच्चों के लिए दूसरे साधन व दुकानें आकर्षण के केंद्र रहते हैं।

### तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कस्बा बनत स्थित देवी उमरा कौर वैदिक इंटर कालेज में प्रादेशिक प्रधान कार्यालय लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट-गाईड जनपदीय संस्था शामली के तत्वावधान में तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। गुरूवार को तृतीय सोपान के प्रशिक्षण शिविर में निशा राणा, वंशिका, सृष्टि,कनिका और प्रियांशी की कलर पार्टी का सुन्दर प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाल सिंह राणा द्वारा ध्वज फहराकर कलर पार्टी प्रारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग गाईडिंग देशभक्ति को चरित्र में उतारकर बालक को सुसंस्कार प्रदान करती है। गाईड कैप्टन अनीता ने इस शिक्षा को अनुशासन की जननी बताया। आज के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक आयुष चौधरी, कोमल, मनीषा ने स्काउट गाईड को प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, फास्ट फूड से हानियों, किम्स गेम्स, मोर्स कोड आदि का ज्ञान कराया। इस अवसर पर सुषमा शर्मा, मंजु, प्रेरणा, पारूल, रेखा, प्रीतम सिंह प्रीतम, राजिल, विनोद, अनंगपाल आदि मौजूद रहे।

# यूपी के स्कूलों में समर कैंप शुरू, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश के अलग-अलग माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार (21 मई) से समर कैंप 2025 की शुरुआत हो गई है समर कैंप के पहले दिन से ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला था इस कैंप का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्म-अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

**विचारों को साझा करने का किया अभ्यास**

विद्यार्थियों को समूहों में बांटकर संवादात्मक और सहभागितापूर्ण वातावरण तैयार किया गया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को साझा करने का अभ्यास किया। योगा, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर और रस्सीकूद जैसी आनन्ददाई गतिविधियों मे विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया। शामली जनपद के कंपोजिट विद्यालय बरला जट की शिक्षामित्र मुनेश ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार समर कैंप की शुरुआत 21मई से 10 जून तक हो गई है आने वाले दिनों में समर कैम्प में अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें योग और ध्यान सत्रों के माध्यम से बच्चों को मानसिक एकाग्रता और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें बेसिक डिजिटल स्किल्स, टाइपिंग, एमएस पेंट, गूगल टूल्स और ईमेल संचालन जैसी जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही, उन्हें विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में बताया जाएगा, ताकि वे अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट योजना बना सकें।



**जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे**

कला और संस्कृति के क्षेत्र में बच्चों को पारंपरिक कलाओं जैसे पेपर मैश, मिट्टी कला, मेंहदी, रंगोली, लोकगीत, लोकनृत्य और रंगमंच जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इन सत्रों का उद्देश्य उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक विरासत से जोड़े रखना है। पर्यावरण संरक्षण, बागवानी, जल-संरक्षण व हरियाली जैसे विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मां लक्ष्मी की मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के अग्रसैन पार्क में हनुमान और कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरूवार को विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। गुरूवार को शहर के महाराजा अग्रसैन पार्क में हनुमान व कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों स्थापित करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके यजमान अध्यक्ष सुधीर सिंघल और पवन संगल रहे। उन्होने बताया कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 23 मई तक चलेगा, 24 मई को मूर्तियों को नगर परिक्रमा निकाली जाएगी और 25 को हवन और मूर्तियों की स्थापना होगी। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव डा। राजीव बंसल, संजय बंसल, विपिन मित्तल उर्फ मोनू, कुसुम मित्तल, रविन्द्र कुमार मित्तल, तरूण संगल, शशि मित्तल, पवन कुमार, मनीष मित्तल, विराट संगल, पारस संगल आदि मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सालय में जंगलराज, पशुपालक को दवाई को मना किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** राजकीय पशु चिकित्सालय पर पशुपालकों को दवाई भी नहीं मिल रही है पशु चिकित्सालय पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात है चिकित्सालय पर न डॉक्टर आता है न फार्मासिस्ट। बृहस्पतिवार को पशुपालक अपनी भैंस की दवाई लेने के लिए गया चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा दवाई देने से मना कर दिया तथा दुर्व्यवहार कर कहा जहां तुम्हें शिकायत करनी है कर लो जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

गांव चौसाना निवासी गयूर पुत्र लियाकत की भैंस बीमार हो रही है बृहस्पतिवार को गयूर भैंस की दवाई लेने हेतु ऊन के राजकीय पशु चिकित्सालय पर पहुंचा गयूर ने वहां पर उपस्थित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजवीर से भैंस की दवाई देने के लिए कहा लेकिन उसने दवाई देने से मना कर दिया तथा दुर्व्यवहार कर कहा कि तुम्हें जहां शिकायत करनी है कर लो दवाई नहीं है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होगी बता दे की ऊन राजकीय पशु चिकित्सालय पर डॉक्टर इमरान अंसारी की तैनाती है जिस पर नौ पशु चिकित्सालय का कार्य भार है फार्मासिस्ट अरविंद कुमार पर कमालपुर व ऊन चिकित्सालय का प्रभार है चिकित्सालय पर दोनों कभी-कभी आते हैं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चिकित्सालय को चला रहे हैं। डॉक्टर व फार्मासिस्ट न होने के कारण और क्षेत्र के लोग परेशान हैं तथा झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे पशुओं का इलाज चल रहा है। इस संबंध में जिला पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्रभानु कश्यप से बात करनी चाहिए लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ मिला उपजिला अधिकारी निधि भारद्वाज ने बताया कि प्रकरण की जांच की जाएगी।

## भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की बैठक 28 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शामली कर्नल अजय कुमार सिंह (अ.प्रा.) ने जानकारी देते हुए कहा कि जनपद शामली के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 28.5.2025 को कलैक्ट्रेट सभागार शामली में पूर्वान्ह 11:30 बजे होगी।

जिसमें भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।अत: भूतपूर्व सैनिक व आश्रित की यदि कोई समस्या हो तो वह दिनांक 28.5.2025 को 11:30 बजे तक अपने प्रार्थना पत्र के कलैक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होने का कष्ट करें।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कस्बे के लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करते हुए हिन्दुस्तान जिंदाबाद के गगनभेदी नारे भी लगाए गए।



गुरुवार को कस्बे के लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्र-छात्राओं द्वारा श्ऑपरेशन सिंदूरश की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, विद्यालय प्रबंधक राजेन्द्र कुमार व प्रधानाचार्य राजीव कुमार आदि द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। तिरंगा यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर सरस्वती शिशु मंदिर, चौक बाजार, जोडवा कुआं, निर्मल चौराहा, पीपलोतला, पट्टोंवाला, मुख्य शामली-कैराना मार्ग, पुराना बिजलीघर से होते हुए वापिस विद्यालय पर आकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा पर नगरपालिका स्टाफ एवं नगर के बाशिंदों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान लगाए गए भारतीय सेना जिंदाबाद, हिन्दुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के जयघोष से आसमान गूंज उठा। इससे पूर्व, विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने निरपराध नागरिकों को नृशंस हत्या की थी, जिसके जवाब में भारतीय सेना ने श्ऑपरेशन सिंदूरश चलाकर पाकिस्तान में संचालित आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम हर भारतीय के मन में स्वाभिमान पैदा करता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्एक भारतीय को सेना पर गर्व होना चाहिए। भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही ने आतंकियों के हौंसले पस्त किए है। उन्होंने कहा कि हम सभी को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ। घनश्याम, सुदेशपाल आर्य, डॉ। रमेश, डॉ। श्रवण कुमार, रामकुमार समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से फुंके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के एक स्कूल पर लगे हुए सोलर पैनल पर आकाशीय बिजली गिरने से स्कूल में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए।

बुधवार को देर शाम के समय हल्की बूंदाबांदी के दौरान हुई तेज गडगडाहट की आवाज के चलते स्कूल में लगे सोलर पैनल पर आकाशीय बिजली गिरने से नगर के नव जनोदय इंटर कॉलेज में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर नष्ट हो गये। बताया जा रहा है कि कॉलेज में शिक्षार्थियों को सुविधा प्रदान करने हेतु बिजली कनेक्शन व जनरेटर के साथ साथ बारह किलोवाट का सोलर पैनल भी स्कूल में लगवाया हुआ है। ताकि शिक्षार्थियों को कॉलेज के समय में रोशनी, हवा व प्रोजैक्टर से पढ़ाई करने में किसी भी असुविधा का सामना न करना पडे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आकाशीय बिजली तेज गडगडाहट व रोशनी के साथ सोलर पैनल पर गिरी जो कि पैनल में लगे इलेक्ट्रिक तारों से होते हुए स्कूल के कमरो में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक पहुंच गयी व सभी उपकरण जला दिये। इस प्राकृतिक आपदा में स्कूल को भारी नुकसान होना बताया जा रहा है। वहीं नगर के निकट एक खेत व एक अन्य जगह पर भी आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी सामने आई है। गनीमत यह रही कि कहीं पर भी कोई जनहानि नही हुई है।

# महिलाओं व बालिकाओं को कराया अन्नप्राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** समीपवर्ती गांव तेलपुरा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर गोदभराई कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं नन्ही बालिकाओं को अन्नप्राशन करवाया गया, इस दौरान गृभवती महिलाओं को खान-पान में विशेष तौर पर सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई।

ग्राम तेलपुरा स्थित सोनिया शर्मा के आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में शामिल महिला एवं बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय पर्यवेक्षक श्रीमती पूनम रानी ने उपस्थित सभी महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि गर्भधारण होने के तुरंत 1 महीने बाद टटनेस का इंजेक्शन बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी महिलाओं को बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक सेवन करना चाहिए तथा




6 माह तक आयरन तथा कैल्शियम की गोलियां बहुत जरूरी है। इसके अलावा सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली बात यह है कि गृभवती महिलाओं को अपनी खुराक में रोजाना कम से कम 25 प्रतिशत मात्रा बढ़ाकर लेनी चाहिए, और प्रत्येक माह आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर गर्भवती महिलाओं को अपने शरीर का वजन कराकर इस बात की पुष्टि कर लेनी चाहिए कि कहीं शरीर में वजन घटने की वजह से किसी तरह की शारीरिक कमजोरी तो नहीं है।

उक्त कार्यक्रम में शामिल श्रीमती प्रवीन, सुमन देवी, आरती देवी, अंजली, गुलिस्तां और साहिबा की गोदभराई हुई तथा मन्तशा के यहां हुई प्रथम बालिका का मौसमी फल, ड्राई-फ्रूट्स तथा नये वस्त्र भेंट कर जन्मोत्सव मनाया गया। श्रीमती मतलूबन की सात महीने की बच्ची को दलिया खिलाकर अन्नग्रहण की शुरुआत की। इस मौके सपना देवी, सोनिया शर्मा, सरोज शर्मा, मिनाक्षी, प्रियंका देवी, मोनिका, रेखा देवी, गुलिस्तां, सुमन, अनिता सुदेश देवी, किश्वर जहां, संयोगिता देवी, रहनुमा आदि अनेक महिलाएं शामिल रही।

# किसानों का बकाया भुगतान न होने से आर्थिक स्थिति हुई खराब: धर्मेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गांव बसेडा मे आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गन्ना सत्र समाप्त हुए कई माह बीत चुके हैं लेकिन बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गांगनौली पर अभी भी किसानों के करोड़ों रुपए बकाया है जिस कारण उनकी आर्थिक दशा खराब होती जा रही है।

बैठक में चेतावनी दी गई कि अगर शीघ्र ही गन्ना भुगतान नही हुआ तो उनका संगठन चीनी मिल पर धरना-प्रदर्शन करेगा। उन्होने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों की आय दुगना करने की बात कहती है वहीं किसानों को समय से उनकी फसल का वाजिब दाम भी नहीं मिल रहा है। आज के समय में सभी

■ **कहा- कार्यकर्ता मतभेद भुला संगठित हो करें कार्य**

कार्यकर्ता मतभेद भुलाकर संगठित होकर रहे तभी पीड़ित को न्याय दिला सकते हैं।

उन्होने कहा कि उनका संगठन हर वर्ग के पीड़ित की मजबूत आवाज बनकर लड़ाई लड़ने का काम कर रहा है जिस कारण दिन प्रतिदिन संगठन में कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

कार्यक्रम में बृजेश सैनी, अमर त्यागी, सुशांत सिंह, शंकर त्यागी, रोबिन त्यागी, डॉ हंसराज, जावेद अली, अमित कुमार, तसव्वर, सौरभ, सौरभ त्यागी, सिराज फारुकी, अमन त्यागी, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# समर कैम्प में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** पीएम श्री विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

शासन के आदेशानुसार गांव तल्हेडी बुजुर्ग के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉक्टर नवीन कुमार के निर्देशन में 21 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय इंचार्ज नवीन कुमार द्वारा छात्रों को समर कैंप के उद्देश्य व गतिविधियों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में करीब 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आयोजित म्यूजिकलर चैयर खेल मे कक्षा 6 की छात्रा सुमय्या ने जीत हासिल की।ष्जबकि फुटबॉल खेल में कक्षा 6,7 व 8 के छात्रों के बीच रोमांचक खेल हुआ जिसमें कक्षा 7 की टीम विजयी घोषित हुई।

इसके अलावा छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें छात्रों ने अपनी उच्च कला का प्रदर्शन करते हुए तालियां बटोरीं। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में रस्सा कूद, लॉन्ग जंप, लंबी कूद इत्यादि खेल में निदा, सदफ, वंश, रुकैया ,अलीना व जैद के साथ अन्य छात्रों ने जमकर पसीना बहाया।

प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने बताया कि समर कैंप के द्वितीय दिन की रुपरेखा शिक्षामित्र उमा देवी व अनुदेशक अमरीश कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुई है।

## बिजली गिरने से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** घर में बिजली गिरने से परिवार में दहशत फैल गई। आकाशीय बिजली गिरने के कारण हजारों रुपए के विद्युत उपकरण नष्ट हो गए।

गांव धानवा में शराफत के घर के आंगन में बकान का पेड़ खड़ा है। शाम के समय तक आंधी के दौरान आसमान में बिजली की कड़कड़हाट हुई तो जो आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। पेड़ में कपड़े सुखाने के लिए लोहे का तार बंधा था जो दूसरी तरफ मकान के पिलर से बंधा था।

आंगन में खड़े पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली लोहे के तार के माध्यम से मकान की दीवार से जा टकराई। जिसके कारण बिजली आकाशीय बिजली का करंट पूरे मकान में प्रवाहित होने लगा। आकाशीय बिजली गिरने के कारण घर में लगे बिजली के उपकरण जल गए। आंगन में लगा पेड़ भी जल गया और मकान की दीवार में दरार आ गई।

# अतिक्रमण को लेकर 13 हजार का वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज शहर के तीन स्थानों पर अतिक्रमणरोधी अभियान चलाते हुए करीब 50 दुकानों से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 13 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया और एक काउण्टर जब्त कर निगम लाया गया। तीनों स्थानों पर नगरायुक्त शिपू गिरि के आदेश पर जनसुनवाई में आयी शिकायतों पर पर ये कार्रवाई की गयी।

नगरायुक्त के निर्देश पर आज नगर निगम के प्रवर्तन दल ने रांघड़ों के पुल से बूढ़ीमाई चौक तक टायरों वाली गली में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जैसे ही क्षेत्र में पहुंचा अतिक्रमणकारी दुकानदारों में भगदड़ मच गयी। आनन फानन में



अनेक दुकानदारों ने अपना सामान दुकानों में फेंक लिया। करीब तीन दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। अनेक दुकानों के सामने सड़क पर रखे टायर ट्रॉली में भरने पर हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने भविष्य में अतिक्रमण न करने का आश्वासन दिया। जिस पर जब्त किये गए टायर जुर्माना लगाकर वापिस किये गए। आधा दर्जन दुकानदारों से नौ हजार नौ सौ रुपये जुर्माना वसूला गया।

इसके अलावा बेहट रोड पर एमआरएफ सेंटर के सामने दो कबाड़ियों पर भी तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। शारदा नगर पुल के नीचे न्यू पटेल नगर में दस से अधिक दुकानदारों का अतिक्रमण हटाया गया और सड़क पर रखा एक काउण्टर जब्त किया गया।

# अतिक्रमण बना परेशानी का सबब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे में सड़कों पर फैला अतिक्रमण आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नगर पंचायत प्रशासन की निष्क्रियता के चलते दुकानदारों ने फुटपाथ, नालियां और सड़कों के हिस्से पर कब्जा जमा लिया है, जिससे राहगीरों को बीच सड़क पर चलना पड़ रहा है। रोडवेज बस स्टैंड, सहारनपुर रोड और देहरादून रोड पर हालात बदतर हैं, जहां दुकानों के सामने तीन-चार फीट तक सामान फैलाकर सड़कें संकरी कर दी गई हैं। इससे यातायात जाम और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने सड़कों को अनधिकृत स्टैंड बना लिया है, जिससे आवागमन और बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों, को पैदल चलने में भारी दिक्कत हो रही है। बाजार में खरीदारी करने वाले ग्राहक भी अतिक्रमण से त्रस्त हैं। निवासियों ने नगर पंचायत से तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे। लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाकर यातायात सुचारु करने और दुर्घटनाओं को रोकने की अपील की है।

## 15 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति



**तल्हेडी बुजुर्ग।** तेज रफ्तार तूफान के कारण क्षेत्र की विधुत लाइन 15 घंटों तक बाधित रही जिसके कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

बुधवार को शाम के समय आए चक्रवाती तूफान के कारण किसानों को आम की फसलों में भारी नुकसान पहुंचा है। जबकि विधुत लाइनों पर पेड़ टूट कर गिरने से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त दिखाई दिया। तल्हेडी उपखण्ड विधुत कर्मीयों ने बताया कि गांव शाहपुर में विधुत पोल पर प्राकृतिक बिजली गिरने से कई इंसुलेटर फूंक गए जिसके कारण कई घंटे तक बिजली बाधित रही। इसके अलावा कस्बे के रेडी पटरी वाले दुकानदारों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ा जिसमें उनकी रेडी पर लगी छतरियां फट गई और उनका सामान तितर बितर हो गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्री **मीनाक्षी** और उसका पति **प्रजोश** पुत्र श्री सुलेखचंद निवासी नयाबांस, मानकम, सहारनपुर मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उक्त दोनो के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**सुजाता पत्नि स्व0 रमेशचंद**
निवासी: म0नं0-1/1103,
आई0टी0सी0 रोड, मण्डी काले कोतवाल, खलासी लाईन, जिला सहारनपुर।

# एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** 86 यू.पी. बटालियन एनसीसी का 10 दिवसीय विशेष शिविर हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में शुभारंभ किया गया। शिविर 30 मई तक जारी रहेगा।

शिविर में कमांडेंट कर्नल नवींद्र सिंह मान सेना मेडल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है तथा भारतीय सेना के एक अंग एनसीसी को भी अपडेट रहना होगा। कर्नल मान ने कैडेट्स का आवाहन किया कि वे देश सेवा में जुट जाएं और समाज में विभिन्न कुरीतियों एवं नशे के प्रति जागरूकता विकसित करें। शिविर में एडजूटेंट कैप्टन मेघेंद्र गॉड ने बताया कि शिविर में 440 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा शिविर 30 मई तक जारी रहेगा। सूबेदार मेजर नीरज सिंह व सूबेदार संजय भट्ट के निर्देशन में कैडेट्स ने गुरूवार को पीटी का अभ्यास किया। दूसरी ओर नायब सूबेदार गुरनाम सिंह व नायब सूबेदार राजेंद्र सिंह ने उन्हें युद्ध के दौरान अपनाए जाने वाले उपाय व एनसीसी



कैडेट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। हवलदार अवतार सिंह, शूरवीर सिंह, जगसीर सिंह व जगदीप सिंह ने कैडेट्स को 7.62 एम एम एसएलआर को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया। कैप्टन गौरव मिश्रा, कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव, लेफ्टिनेंट सुबेग सिंह ने कैडेट्स को ग्रुप डिस्कशन का अभ्यास कराया। फर्स्ट ऑफिसर राजीव कांबोज व थर्ड ऑफिसर अमित कुमार, संजय सैनी ने कैडेट्स को ड्रिल की बारीकियां से परिचित कराया। शिविर में सुहेल अहमद, दीपा जग्गा, नवीन कुमार गुप्ता, परविंदर तोमर आदि मौजूद रहें।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में मेरा नाम राजेन्द्र है जबकि मैने अपना आधार कार्ड संख्या 870806016536 को आनलाइन चैक किया उसमें मेरा नाम पप्पू है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड में आनलाइन राजेन्द्र ही दर्ज किया जाए।

**राजेन्द्र पुत्र करेशन निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना नानौता तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।**

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ नगर के गणमान्य लोग व स्कूल के बच्चें भी शामिल हुए।

बृहस्पतिवार को मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी में नगर में बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा नगर के डीटीएस इंटर कॉलेज से आरम्भ की गई। यात्रा में नगर व आस पास के भाजपा नेता एवं गणमान्य व्यक्ति अपने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद व वीर शहीदों का गुणगान



करते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां, चेयरपर्सन फूल बानो अंसारी, थाना प्रभारी चंद्रसेन सैनी, सुधीर कुमार जैन, सभासद अनुपम जैन, विनय कश्यप, हिमांशु गर्ग, पवन सेन, निशांक जैन, सौरभ कांबोज, सुनील सैनी, शादी राम सैनी, आशु सैनी, ईसम सिंह दुबे, चौधरी देवी सिंह, चौधरी तेजपाल, मोल्हड प्रधान, हरिश्चंद्र प्रधान, सचिन कांबोज, दीपक सैनी, अंकित कांबोज, राजकुमार सैनी, रमेश कश्यप, अजय धीमान मौजूद रहे।

**अंबेहटा।** नगर में बृहस्पतिवार भारतीय सेना के आपरेशन सिंदुर की सफलता को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा नेता चौधरी जगदीश पंवार के प्रतिष्ठान से तिरंगा यात्रा निकाली गई यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगे हाथों में लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद एवं भारत की जय के जयकारे लगाए।

यात्रा मुख्य बाजार,बस स्टैंड से होते हुए नकुड तिराहा पर स्थित महंत जगन्नाथ दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सम्पन्न हुई।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, पूर्व मंडलाध्यक्ष चौधरी सुशील पंवार, तुषार चौहान,आदेश गुप्ता, फरमान कुरैशी,वीर सिंह कश्यप मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं Himanshu Khurana S/o S P KHURANA अपने पुत्र का नाम Reyansh khurana से बदलकर Riyansh khurana रख दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से पहचाना जाये।

**पता MIG - 11, दिल्ली रोड, न्यू आवास विकास कॉलोनी , सहारनपुर उ.प्र. 247001**

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. ई-निविदा आमंत्रण सूचना अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/फर्मो से इस कार्यालय के अन्तर्गत कार्य/क्रय हेतु ई-निविदाएं ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार / विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

1. निविदा सं- ETD-II/SRE/T-01/2025-26 विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, सहारनपुर के अन्तर्गत 01 नग 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र पर लॉग शीट, 220/132 के.वी. विभिन्न उपकेन्द्रों पर विभिन्न प्रकार के रजिर्स्टस एवं खण्ड कार्यालय में फाइल कवर की आपूर्ति हेतु रु. 2000.00, रू. 500.00 एवं जी.एस.टी. रू. 90.00 एवं 11.06.2025 12:00 बजे तक प्राप्त की जाये एवं दिनाक 11.06.2025 15:00 बजे (तकनीकी माग पार्ट-1) खोलने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय,**
**सहारनपुर**

'राष्ट्रीय हित में बिजली बचायें'

पत्रांक 840/वि.पा.ख-द्वि.स./ई-निविदा दिनांक 22/05/2025

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शहबाज राना पुत्रवधू हुसनजहाँ व अपने पोत्र को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कार्य से मेरा लेना-देना नहीं है।

**अफरोज पत्नी नाजिर हसन निवासी मोहल्ला बंजारान कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।**

# कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। भर्ती का आयोजन डिप्लोमा इंजीनियर एवं एच.आर. विभाग मे विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में डिप्लोमा (सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल) और एमबीए के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल के कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए की। इस प्रक्रिया में दोनों कंपनियों की ओर से साक्षात्कार के माध्यम से 16 छात्रों का चयन किया गया, जिसमे 12 डिप्लोमा एवं 4 एमबीए के छात्रों का चयन किया गया। कुलपति, कुलसचिव व सीनियर डायरेक्टर प्रो. डॉ. देवेंद्र नारायण ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजकों व सभी छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. ध्रुव जोशी, अजय शर्मा, हामिद अली, आदेश कुमार, महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने गंगोह व छुटमलपुर में दबोचे वारंटी

**गंगोह।** कोतवाली पुलिस के अनुसार गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर मामले में वांछित दो आरोपियों को शेरमउ शुगर मिल के पास से पकड़ा है।

बताया गया कि घटना 20 मार्च कल्लू हेडी निवासी टीटू पुत्र मांगा ने कोतवाली में की गई शिकायत में कहा था कि कुछ लोगों ने उसके पुत्र अरविंद पर जानलेवा हमला किया था जिससे उसे गंभीर चोट ई थी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे गए थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह उस रोज नाईमजरा के पास यमुना नदी के किनारे खड़े थे तभी वहां अरविंद आ गया जिससे उनका पहले भी विवाद हुआ था। इस रंजिश में उसके साथ मारपीट की गई। पकड़े गए आरोपी करनाल के कुंजपुरा थाने के घीड निवासी मन्नू उर्फ मनोज व इसी थाना क्षेत्र के गांव हलवाना रोडान निवासी बलवान बताया गया है।

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम उप-निरीक्षक सुनील यादव, हेड कांस्टेबल जोगेंद्र मलिक ने एक रिकवरी वारंटी/अभियुक्त शमीम, पुत्र मन्जूर, निवासी ग्राम मुजाहिदपुर, थाना फतेहपुर, सहारनपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 1430 के अंतर्गत धारा 125(3) सीआरपीसी में कार्रवाई की गई। शमीम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया और उसे समयबद्ध तरीके से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# किसानों ने 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**सहारनपुर।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भारतीय हलधर किसान यूनियन काफी समय से केंद्र व राज्य सरकार से एसपी की गारंटी की मांग करते आ रही है, इसे कानून बनाकर तुरंत लागू किया जाए और इस कमेटी में किसानों को रखा जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की कि जिले के सभी गांवों में पानी के लिए टंकी लगवाई गई थी जो कहीं भी नहीं चल रही है उनकी तुरंत जांच कर कर उचित करवाई की जाए। उन्होंने मांग की कि जिले के सभी गांवों की साफ-सफाई कराई जाए। गांवों में सभी चकरोड़ एवं चरागाहों से भूमाफियाओं के कब्जे हटवाए जाएं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जनपद की सभी चीनी मिलों से किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र कराया जाए। उन्होंने मांग की कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। इसलिए आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाए। साथ ही विद्युत विभाग को निर्देशित किया जाए कि विद्युत विभाग किसानों को परेशान न करे। ज्ञापन देने वालों में भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र सिंह राणा, मुकेश राणा, भूषण राणा, इसरार प्रधान, बिशनलाल, इस्तखार समेत भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में भारतीय सेना के शौर्य एवं मनोबल बढ़ाए जाने के लिए नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो भारी संख्या में शामिल हुए।

सुभाष चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा का लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश कुमार सिंह ने शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह चौक से होते हुए मेला गेट के रास्ते शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत समाप्त हुई।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश के वीर शहीदों ने अपने प्राण निछावर कर हमें आजादी दिलाई और उसके बाद देश के अखंडता और स्वाभिमान को बनाए रखने में हमारी सेना ने 1947 से लगातार अपने वीरता और पराक्रम का परिचय दिया है जब कभी भी दुश्मन ने देश की सीमाओं पर छेड़खानी करने की प्रयास किया है से ना ने अपने पराक्रम से दुश्मनों को नेस्तानाबूद करने का कार्य किया है, पहलगाम हमले के बाद आतंकियों को उनकी औकात दिखाते हुए भारतीय सेना ने उन्हें उनके घर में घुसकर मारा है यह देश की सेना का देश के प्रति जज्बे को दर्शाता है। उन्होंने देशवासियों द्वारा अपनी सेना को यह समर्पण सहयोग एवं समर्थन देते हुए उनके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है आज देवबंद



विधानसभा के हजारों राष्ट्र भक्त साथी एकजुट होकर अपनी सेवा को नमन करते हैं और उनके इस पराक्रम पर उनका आभार व्यक्त करते हैं।
उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि सेना का मनोबल प्रधानमंत्री ने हमेशा सीमा पर जाकर बढ़ाने का काम किया है और उनकी जरूरत और देश की रक्षा जरूरत को ध्यान में रखते हुए कभी



धन की कोई कभी नहीं आने दी जिससे आज देश विश्व में ताकतवर सेना बनकर खड़ी है और दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सदैव आगे रहती है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सैनी ने सभी का आभार जताते हुए इस तिरंगा यात्रा की भव्यता के लिए समस्त क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया

# अध्यापिका ने स्कूल प्रबंधक पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्कूल अध्यापिका ने प्रबंधक पर चाकू की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्कूल प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची सहारनपुर स्टेट हाइवे स्थित एक स्कूल अध्यापिका ने स्कूल प्रबंधक पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पीडिता के मुता. बिक वह स्टेट हाइवे स्थित एक स्कूल में अध्यापिका है। बताया कि वह और प्रबंधक एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। पीडिता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीती 21 मई को प्रबंधक ने स्कूल की छुट्टी कर स्टॉफ को स्कूल में बुलाया। हालांकि इस दौरान स्कूल में स्टॉफ नहीं था। आरोप है कि प्रबंधक ने उसे कमरे में बाहने से भेज कर कमरा अंदर से बंद कर लिया और चाकू से भयभीत करते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद उसने घर पहुंच घटना की जानकारी परिजनों को दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच के उपरांत आरोप सिद्ध होने पर आरोपी स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# त्यागी भूमिहार महासभा ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रेमी युगल द्वारा फ्लाईओवर से कूदकर युवती की मौत हो जाने एवं युवक के गंभीर रूप से घायल होने के बाद त्यागी भूमिहार महासभा ने गंभीर आरोप लगाते हुए युवती की मौत को हत्या करार देते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्यवाई करने की मांग करने के साथ चेतावनी दी की अगर 48 घंटे के भीतर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाई नहीं की तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु त्यागी के नेतृत्व में प्रति. निधि मंडल ने कोतवाली प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अब तक की पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने कोतवाली प्रभारी से पूछा कि भाग रहे प्रेमी युगल को पुल से कूदने के लिए किसने उकसाया और उनकी कार पर



किसने गोली चलाई। उन्होंने पुलिस पर प्रेमी युगल के साथ गैंगस्टर जैसा बर्ताव करने का आरोप लगाया। कहा कि किशोर के घर कई दिनों से ताला लगा है जबकि उसकी मां व बहन का कोई पता नहीं इतना ही नहीं पुलिस किशोर से मिलने पर भी पहरा बैठा दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रति. निधि मंडल ने कोतवाल को अपनी चिंता से अवगत करा दिया है। यदि दो दिनों में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो त्यागी भूमिहार महासभा के तत्वाधन में सर्वसमाज के साथ आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। हालांकि इस दौरान कोतवाली में नारेबाजी भी की गई।

# फ्लाईओवर घटना को लेकर खुफिया विभाग ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फ्लाईओवर घटना में कुछ नेताओं की भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यालय से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब किये जाने पर बृहस्पतिवार को खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने देवबंद पहुंचकर जांच शुरु की। जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें, कि 20 मई को देवबंद में फ्लाईओवर के ऊपर से प्रेमी युगल ने छलांग लगा दी थी। इसमें प्रेमिका की मौत हो गई थी। घटना के बाद हर्षित त्यागी ने आरोप लगाया था कि एक गाड़ी में सवार कुछ लोग उनकी कार का पीछा कर रहे थे, जो सिविल ड्रेस

■ मुख्यमंत्री कार्यालय से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब किये जाने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा

पहने हुए थे। इसमें कुछ नेताओं के हस्तक्षेप की चर्चा भी हो रही थी। इसी को लेकर खुफिया विभाग ने शासन को रिपोर्ट भेजी थी। जिसके बाद शासन ने इसकी रिपोर्ट तलब की है। बृहस्पतिवार को खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने देवबंद पहुंचकर प्रकरण की जांच की। बताया गया है कि उन्होंने इस मामले में कई लोगों से पूछताछ भी की गई। हालांकि स्थानीय अधिकारी इससे अनभिज्ञता जता रहे हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घोर गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रुप से झुलस गया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गाया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया।

बुधवार देर शाम गांव खजूरी में खेत पर कार्य कर रहा 65 वर्षीय अनिल आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई वहीं उनका 35 वर्षीय भतीजा मोहित उर्फ मोनू गंभीर रुप से झुलसने से घायल हो गया। इसी दौरान गांव कुरडी में भी आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत पर टहल रहा 28 वर्षीय अंकित की मौत हो गई। बिजली गिरने से घायल मोहित सहित दोनों मृतकों को उनके परिजन सरक.



ारी अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घटना के संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनो को सरकारी सहायता का आश्वासन भी दिया।

# आमिर नौशाद का देवबन्द पहुंचने पर स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय वन सेवा आईएफएस अधिकारी के रूप में चयन होने पर पहली बार देवबन्द पहुंचे आमिर नौशाद का परिजनो व मोहल्ले वासियों ने खुशी का इजहार करते हुए उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया।

भारतीय वन सेवा आईएफएस अधिकारी बनने के बाद दिल्ली से अपने गृह नगर देवबन्द पहुंचे आमिर नौशाद का परिजनो व मोहल्ले वासियों ने आतिश बाजी छोड़ फूल मालाओ से उनका जोरदार स्वागत किया। बुजुर्गो ने सर पर हाथ रखकर दुआ दी आईएफएस अधिकारी आमिर नौशाद ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत दृढ विश्वास व अपने माता पिता को देते हुए सभी का आभार जताया। इस मौके पर दादा नेता इमरान गौड़, मुखिया रिजवान गौड़, किसान नेता इल्यास गौड़ उर्फ पप्पू ने आमिर नौशाद को आशीर्वाद दिया।



# जानी में पेट्रोल पंप की छत के परखच्चे उड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार देर शाम आई आंधी बारिश से जानी क्षेत्र में तबाही हो गई। गांव रसूलपुर धौलडी में सबसे ज्यादा आम की फसल और ट्रांसफार्मर पेट्रोल पंप सहित काफी नुकसान हुआ है। वही गांव नानू फतेहपुर मीरपुर जखेडा खानपुर अन्य कई गांव अंधेरे में डूब गए। रसूलपुर धौलडी में बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप की छत के परखच्चे उड़ गए और कई जगह ट्रांसफार्मर के खंबे टूट गए। मोदीनगर रसुलपुर धौलडी मार्ग पर कई बड़े पेड़ उखड़ कर गिरने से ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़। ग्रामीणों का कहना है की आम की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। गांव में हालात इतने बुरे हैं कि शायद कई दिन दिन अंधेरे में रहना पड़ेगा।

# मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग में मॉडल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज मेरठ के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता के नेतृत्व में छात्रहित व जनहित में नित नये-नये ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसी क्रम में गुरुवार को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग द्वारा मॉडल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन परिसर में स्थित बहूउद्देशीय हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का नाम "foetal forum and Rangatomy" रखा गया। प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष, डॉ. प्रीति सिन्हा एवं सह आचार्या, डॉ. अंतिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कलात्मकता तथा विषय संबंधी समझ को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष (2024 बैच) के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह के साथ शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग



किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिये गये।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल संस्थान, मेरठ के प्रधानाचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता, डॉ. शिल्पी जैन, विभागाध्यक्ष, शरीर रचना विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ, सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक, डॉ. धीरज राज बालियान, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. गौरव गुप्ता एवं बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. अनुपमा वर्मा उपस्थित रहे एवं बच्चों के कार्य का मूल्यांकन कर उनका प्रोत्साहन किया। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. अंशु टंडन, डॉ. मेघा कुलश्रेष्टा, डॉ. डॉली समेत समस्त पीजी रेजिडेंट्स, कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम हेतु प्राचार्य ने शरीर रचना विभाग को शुभकामनाएँ दीं।

# श्रीराम कॉलेज में एक दिवसीय योग महोत्सव शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** उ0प्र0 की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए आज श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में एक दिवसीय योग महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह योग शिक्षक के रूप में उपस्थित रही।

योग महोत्सव शिविर में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीराम ट्रस्ट, देवेन्द्र चौधरी, ललित कला विभाग के निदेशक डा मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, बाह्य प्रवेश समन्वयक कपील धीमान, भूपेन्द्र कुमार, संदीप, अमरदीप, प्रशांत, एसआरसी छात्रावास वार्डन राजीव रावल आदि उपस्थित रहें।

इस योग शिविर में कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग का लाभ प्राप्त किया।इस योग शिविर में नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह ने उपस्थित व्यक्तियों को प्राणायाम एवं योगासन सिखाये तथा ध्यान केन्द्रित कराया गया।

शिविर में नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह ने बताया कि मनुष्य को होने वाले लाभ और डायबिटीज व अन्य रोगो के लक्षण एवं उपचार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज के युग में मनुष्य का जीवन तनावपूर्ण है जिस कारण वह अनेक बीमारियों का शिकार होता जा रहा है। यदि इंसान प्रतिदिन प्रात: 25-30 मिनट योग करे तो बीमारियों से बच सकता है। उन्होने कहा कि मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है अत: मनुष्य को रोगमुक्त रहना है तो पूरे तरीके से जीवन को शुद्ध वायु, धरती, आक. ाश, अग्नि, जल के साथ जुडते हुए प्रकृति के करीब रहना चाहिए।



उन्होने बताया कि मनुष्य अगर अपनी जीवन शैली को अनुशासित करे और खान-पान में संतुलित भोजन का प्रयोग करते हुए जीवन को योग से जोडे तो निश्चित ही शरीर को अनेक रोगो से मुक्त बनाया जा सकता है।इस अवसर पर नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों सुधीर, पींकू, मोनू आदि ने अपना विशेष योगदान दिया।

# आयुक्त ने इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड डेवलपमेन्ट प्लान के संबंध में संबंधित विभागो के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागो को मेरठ के समग्र विकास हेतु दायित्वो का निर्धारण किया गया। आयुक्त द्वारा सार्वजनिक स्थल के सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत कमिश्नरी पार्क, कांशीराम पार्क, गांधी पार्क, लोहिया पार्क, सूरजकुंड पार्क एवं अन्य पार्को का सौन्दर्यीकरण, विक्टोरिया पार्क ग्राउंड में फूड स्ट्रीट, नौचंदी मेले का सुधार, मेरठ मंडपम विकास योजना, आबूलेन रोड का सौन्दर्यीकरण पर चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये गये।

# दरोगा ने चाय वाले पर खोलता दूध फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना रेलवे रोड इलाके में मकबरा डिग्गी मोहल्ले में एक चाय विक्रेता पर दरोगा ने खोलता हुआ दूध फेंक दिया। पीड़ित का आरोप है कि यह कृत्य थाना रेलवे रोड के चौकी इंचार्ज नेपाल सिंह ने किया है।



पीड़ित युवक का कहना है कि वो इलाके में चाय की दुकान चलाता है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज उससे बिना वजह परेशान करता है।

ग्राहकों की कुर्सियों को फेंक देता है और चेकिंग के नाम और उसका उत्पीड़न करता है। आरोप है कि मुफ्त चाय मांगते हैं चाय के पैसे मांगने पर दरोगा ने उसके ऊपर खोलता दूध फेंक दिया। पीड़ित के शरीर पर गंभीर जलन के निशान हैं। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना से क्षेत्र में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि पुलिस लगातार चाय वाले को परेशान कर रही थी।

# डीएम पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के डीएम पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 कक्षा 10 तथा कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय के प्रथम कुल. पति मेजर जनरल रिटायर्ड दीप अहलावत रहे। विद्यालय निदेशक रविंद्र चौधरी व भागेश्वरी चौधरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह प्रबंधक श्याम सिंह व समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने बड़ी गर्म जोशी से दीप अहलावत का अभिनंदन, स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि दीप अहलावत द्वारा सम्मानित हुए छात्र छात्राओं में कक्षा 12 से अर्णव चौधरी मेरठ, दक्ष यादव अगवानपुर, अक्षरा शर्मा अगवानपुर, कुशाग्र भाटी सौंपरी, अजस्वी सिंह बढ़ला, सृष्टि शर्मा, उज्ज्वल सैनी माछरा, इश्फा अख्तर किला, मधु त्यागी किला, कंगना दबथला, दीप्ति गिल बढ़ला रहे। कक्षा 10 से निशांत त्यागी माछरा, तनिष्क त्यागी किला, अनुष्का पसवाड़ा, विदिती त्यागी किला, सूर्यांश त्यागी किला, मो अजरु




सठला, अर्शी परवीन ललियाना, वंश त्यागी सिंहपुर, विधि त्यागी किला, अवनी किला रहे। तथा प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रयागराज में स्वर्ण पदक लेकर लौटी नव्या यादव, और ताज कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुए हिमांशु वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रविन्द्र चौधरी ने मुख्य अतिथि दीप अहलावत की उपलब्धियां बच्चों को बताई और कहा कि भविष्य की योजनाएं बनाकर के कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि अच्छे नंबर लाकर अति उत्साहित व कम नंबर आने पर ज्यादा परेशान नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर जनरल दीप अहलावत ने बच्चो को प्रेरित किया कि विद्यार्थियों का मुख्य काम पढ़ाई करना है।

# सफीपुर पट्टी की बस्ती में नहीं है पानी

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बिन पानी सब सून बिना पानी के सब कुछ व्यर्थ है यह रहीम दास जी का एक प्रसिद्ध दोहा है। यह दोहा पानी के महत्व को बताता है। इस दोहे का अर्थ है कि पानी के बिना सब कुछ खोखला है और बिना पानी के मोती, मनुष्य और चूना भी मूल्यहीन हो जाते हैं। रहीम दास जी ने इस दोहे के माध्यम से पानी के महत्व और जल संरक्षण के संदेश को दिया है। इसी पानी को अपनी बस्ती में कई सालों से देखने को तरस रहे गरीब वर्ग के लोगों का इस गर्म महीने में सब्र अब जवाब देने लगा है। वे दूर से पानी लाकर अपने जीवन को कठिन परिस्थितयों में जी रहे हैं जबकि गरीब वर्ग की वोटों को बटोरकर अपने सिर पर जीत का सेहरा रखने वाले जनप्रतिनिधि इस बस्ती के लोगों से बेखबर हैं। टीम यहां पर पहुंची तो पता लगा कि यह बस्ती अपने यहां पर पानी देखने को तरस रही है।

सभी दूर से पानी भरकर लाते हैं। तब ही प्यास बुझती है। तब ही अन्य कार्यो को पूरा करने के लिए दूर से लाए पानी का उपयोग ऐसे किया जाता है कि वे एक बाल्टी में ही घर के सभी बर्तन धो डालते हैं। एक दो बाल्टी में कपड़े धो डालते हैं। यह बस्ती सफीपुर पटी है जो बड़ौत रोड पर स्थित आरा मशीन के पास है। यहां पर जोहड़ के समीप रहने वाली माया, विशाल, सोनू प्रजापति, रामकुमार पाल, शिवघ्कुमार प्रजापति, विनोद प्रजापति, राजपाल, सचिन, प्रवीण, मिंदर, इंद्र, विनोद कश्यप, सागर कश्यप और रुकमणी आदि बताती हैं कि कई सालों से यहां पर पानी नहीं है। ग्राम प्रधानघ् कौन है पता नहीं यहां तक देखा भी नहीं बस उनको पोस्टर में देखा है। यहां आ जाएं तो हम अपनी बात रखें लेकिन जब आते ही नहीं तो अपना दुखड़ा किसके आगे रोएं। दूर से पानी लाना पड़ता है। एक बार में 14-15 किलोग्राम ही पानी वो भी सर पर रखकर लाया जा सकता है। यहां पर टंकी भी नहीं है। आज बृहस्पतिवार को इस बस्ती का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने दौरा किया तो उनको पता लगा कि बस्ती में पानी नहीं है। नल या कोई टंकी भी नहीं है। पानी लेने के लिए घर की महिलाओं को दूर जाना पड़ता है और घर के मर्द काम पर चले जाते हैं। उन्होनें बिना पानी बस्ती में जीवन यापन की बात पर आश्चर्य जताया और कहा कि वे आपकी बात को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर पानी की समस्या का समाधान करवाएंगे। इस भयंकर गर्मी में बस्ती में कम से कम तीन नलों को जल्द से जल्द लगवाए जाने की गुहार जीते हुए जनप्रतिनाधियों से लगाई है।

# शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी आरसीबी

**● हैदराबाद अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ में पहुंच चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शुक्रवार को टूर्नामेंट के 65वें मैच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेगी।

वहीं एसआरएच अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी। आरसीबी 12 मैचों में 17 अंक हासिल करने के साथ इस सीजन में अपने प्रदर्शन का लौह मनवाने वाली टीमों में से एक रही है। रजत पाटीदार की अगुआई वाली यह टीम शीर्ष दो में जगह बनाकर एलिमिनेटर वन की नॉकआउट अनिश्चितता से बचना चाहेगी और उन्हें पहले क्वालीफायर के जरिए फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। एक ऐसी टीम के लिए जो पहले भी खिताब के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठा पाई है। इसके विपरीत, पिछले सीजन की फाइनलिस्ट सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

बारह मैचों में मात्र चार जीत के साथ वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। हालाँकि, इस सप्ताह की शुरुआत में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली शानदार जीत से टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम अपने अभियान को शानदार तरीके से समापन करना चाहेगी। इस सत्र में आरसीबी की वापसी विराट कोहली के शानदार फॉर्म की वजह से हुई है। बीच के मैचों में टीम डगमगा गयी थी। आरसीबी के पूर्व कप्तान कोहली ने 11 पारियों में 63-12 की औसत और 143-46 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए हैं। शीर्ष पर उनके अनुभव के साथ-साथ फिल साल्ट की आक्रामकता और देवदत्त पडिक्कल के टीम के स्कोर को धीरे-धीरे आगे बढाने के साथ मजबूत नींव रखने में मददगार साबित हुए हैं। टीम ने मध्य क्रम ने भी अपनी लय हासिल कर ली है। पाटीदार ने अब तक शानदार स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जबकि निचले क्रम को टिम डेविड और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।

टिम डेविड ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मात्र 14 गेंदों पर 53 रन बनाकर नॉटआउट रहे थे। यह सत्र के सबसे बेहतरीन डेथ ओवरों में से एक है। फिर भी, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड का टीम में वापस नहीं आ पाना चिंता का विषय बना हुआ है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### साइफर्ट अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में आरसीबी में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम साइफर्ट को जैकब बेथेल की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिये अपनी टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि साइफर्ट 24 मई से चयन के लिए उपलब्ध होंगे। साइफर्ट अधिकतम 26 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ में होने वाले मैच के लिए आरसीबी दल से जुड़ सकते हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कराची किंग्स के लिए खेल रहे हैं। साइफर्ट इससे पहले आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए दो मैच और कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 2021 में एक मैच खेल चुके हैं।

### टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

**मैनचेस्टर, वार्ता।** टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया। इसी के साथ टाटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन ने 42वें मिनट में यह गोल किया ब्रेनन जानसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टाटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन ने पहले हाफ (42वें मिनट) में यह गोल किया। इस जीत के साथ टाटेनहॅम 2025-26 यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। 17 साल बाद टाटेनहॅम ने मेजर ट्राफी जीती टाटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्राफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था, जब उन्होंने लीग कप अपने नाम किया था।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वाड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वार्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के जरिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएलके इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। वैभव ने एक शतक लगाया आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला प्ब्स्सीजन है। आयुष ने आईपीएल2025 के 6 मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए।



## आईपीएल-2025 प्लेऑफ की चारों टीम तय

**● लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप-6 हिटर बने हुए है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खत्म होने के बाद ही प्लेऑफ की 4 टीमें मिल गईं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ स्पाट कन्फर्म की। इससे दिल्ली बाहर होने वाली छठी और आखिरी टीम बनी। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए। दिल्ली ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से टीम 121 रन ही बना सकी और 59 रन से मुकाबला गंवा दिया। दिल्ली को 13 मैचों में छठी हार मिली। टीम के 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स हैं। क्ब अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 15 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। मुंबई को 13 मैचों में 8वीं जीत मिली। टीम 16 पाइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंच गई। अब एमआई को टॉप-2 पोजिशन में जगह बनानी है तो पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। साथ ही आरसीबी और जीटी के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी। लखनऊ सुपरजायंट्स प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है। टीम के 12 मैचों में 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर स्ैळ प्लेऑफ में तो नहीं पहुंचेगी, लेकिन गुजरात के नंबर-1 पर बने रहने की उम्मीदों को कम कर देगी। गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच में 617 रन बनाए हैं। शुभमन गिल 601 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को मुंबई के सूर्यकुमार यादव 73 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 583 रन हो गए। गुजरात के ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 21 विकेट हैं। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद के भी 21 विकेट हैं। मुंबई के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 35 छक्के हैं। मुंबई के सूर्यकुमार यादव 30 सिक्स लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 28 सिक्स लगाकर तीसरे नंबर पर रहे।

# मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा




**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनो. हर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।

मुकेश ने कल शाम मैच के दौरान अपने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 48 रन दिये थे। उनके द्वारा फेंके गए 19वें ओवर में सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने 6, 1, 4, 6, 6, 4 कुल 27 रन बटोरे थे। इस सत्र में मुकेश अब तक खेले 11 मैच में 32-63 की औसत और 10-11 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं।

# मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत, प्रणॉय हुए बाहर

**■ किदांबी श्रीकांत ने आयरलैंड के खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया**



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में किदांबी का मुक. ाबला फांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विज. ेता एचएस प्रणॉय को 23वें रैंक के खिलाड़ी जापान के युशी तनाका से सीधे गेम में 9-21, 18-21 से हार मिली। पुरुष एकल के अन्य मुक. ाबले में आयुष शेट्टी को फांस के टोमा जूनियर पोपोव से 13-21, 17-21 से हार मिली, जबकि पुरुष एकल रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज सतीश करुणाकरन भी राउंड ऑफ 16 में रैंकिंग में 18वें स्थान के खिलाड़ी फांस के क्रिस्टो पोपोव से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एक घंटा और सात मिनट तक चले मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मयो को 21-17, 18-21, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे।

# यूएई ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज भी जीती

**■ हैदर अली ने तीन विकेट हासिल किए, आलीशान ने नाबाद 68 रनों की पारी खेली**



**शारजाह, वार्ता।** हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो- तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गए। यूएई ने 19-1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने विंडीज को रौंदा

**■ सोफिया ने नाबाद 81 और हीथर ने 43 रनों की शानदार पारी खेली**




**कैंटरबरी, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सोफिया डंकली (नाबाद 81) और हीथर नाइट (43) की बेहतरीन पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 21 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। सेंट लॉरेंस ग्राउंड में बुधवार की रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने आखिर तक मोर्चा संभाले रखा। मैथ्यूज ने 67 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 100) रनों की पारी खेली। इसके अलावा मैंडी मैंगरु (17) और शबीका गजनबी ने (11) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की महिला टीम के लिए लॉरेन बेल ने दो विकेट लिए। लिंसी स्मिथ, एमिली आरलट और ईसी वोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए डेनिएल वायट और सोफिया डंकली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (51)रन जोड़े। छठें ओवर में जायडा जेम्स ने डेनिएल वायट (17) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मात्र पांच रन जोड़कर इंग्लैंड ने कप्तान नेट साइवर ब्रंट (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने सोफिया डंकली के साथ पारी संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच 94 रनों की मैच विजयी अविजित साझेदारी हुई। इंग्लैंड की महिला टीम ने 16-3 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज की ओर से जायडा जेम्स और एफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दीक्षा ने तैराकी व नागालैंड, मणिपुर ने पेंचक सिलाट में जीते स्वर्ण पदक

**■ दीक्षा ने 1:10:12 में पूरा कर पांच किमी. की रेस में स्वर्ण पदक जीता**

**दीव, वार्ता।** महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में गुरुवार को ताकत और सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए ओपन सी तैराकी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वहीं पेंचक सिलाट में मणिपुर, नागालैंड और जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यहां समुद्र में हुई तैराकी प्रतियोगिता पांच किलोमीटर की रेस को 19 वर्षीय दीक्षा एक घंटा 10 मिनट 12 सेकंड पूरा कर स्वर्ण पदक जीता और वह अपनी राज्य की ही पूर्वा गावड़े (1:10:25) से सिर्फ 13 सेकंड आगे रहीं।

कर्नाटक की आसरा आर- सुधीर (1:10:29) ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले दीक्षा ने बुधवार को 10 किलोमीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया था। पुरुषों की रेस भी बेहद रोमांचक रही, जिसमें कर्नाटक के द्रुपद रामकृष्ण ने 1 घंटा 6 मिनट 46 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। पेंचक सिलाट में गुरुवार को दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और मणिपुर ने अपने सभी चार स्वर्ण पदक इसी खेल में जीते हैं। महाराष्ट्र, जो इस समय पदक तालिका में सबसे ऊपर है, ने ओपन वाटर स्विमिंग और पेंचक सिलाट दोनों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं। डीएनएचडीडी के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने भी अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट में जीतकर खासा नाम कमाया है।

नागालैंड ने भी आज दो स्वर्ण पदक जीते। जम्मू-कश्मीर के सजाद अहमद बैग ने ओडिशा के सोर्. हल गुरंग को सीनियर पुरुष श्रेणी सी (55-60 किग्रा) तांडिंग (कॉम्बैट) फाइनल में 9-0 से पराजित कर अपने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता। यह जम्मू-कश्मीर का पहला स्वर्ण पदक है। सेपक टकरॉ में हरियाणा और केरल का दबदबा रहा। छह स्वर्ण पदक वाले खेलों में से एक सेपक टकरॉ में मुकाबले सुबह और शाम दोनों सत्रों में हुए। बुधवार देर रात, हरियाणा ने सेपक टकरॉ प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की त्रयी टीम में स्वर्ण जीतने के बाद, हरियाणा की पुरुष टीम ने युगल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की पुरुष टीम ने गोवा को 2-0 (15-4, 15-11) से हराया। इसी तरह केरल की लड़कियों की युगल टीम ने ओडिशा को 2-0 (15-4, 15-9) से हराकर आसानी से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, दिल्ली ने सेपक टकरॉ पुरुष डबल्स में कांस्य पदक जीता।

# राधिका ओझा ट्रेलब्लेजर पुरस्कार-2025 से सम्मानित

## दिव्यांग खिलाड़ियों को समान मौके दिलाने के विजन ने दिलाई नोएडा की स्कूल स्टूडेंट को उपलब्धि

नई दिल्ली, वार्ता। नोएडा की स्कूल स्टूडेंट राधिका ओझा को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता सामुदायिक ट्रेलब्लेजर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। राधिका एक चेंजमेकर बनने की इच्छा रखती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने कम्यूनिटीज को ट्रांसफार्म करने वाले नए इनक्लूसिव इनीशिएटिव्स का बीड़ा उठाया है।

राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है जो आशा और बदलाव की किरण के रूप में सामने आया है। कम्युनिटी ट्रेलब्लेज़र अवार्ड विशेष रूप से उन दूरदर्शी लोगों को मान्यता देता है जो खेलों में समानता, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ते हैं। खेलों को वास्तव में इनक्लूसिव बनाने के लिए राधिका की प्रतिबद्धता एक शक्तिशाली संदेश को दर्शाती है कि युवाओं के नेतृत्व में, जमीनी स्तर के प्रयास देश भर में बदलाव ला सकते हैं। राधिका ने कहा कि यह पुरस्कार उन लोगों के लिए है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। दिव्यांग एथलीट किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही समान मंच और प्रोत्साहन के हकदार हैं। मैं पिछले कुछ वर्षों में मेरे प्रयासों को मान्यता देने के लिए एसटी,वीकेजेडआरएस फाउंडेशन और समिति की वास्तव में आभारी हूं। राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए




एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है। राधिका की जर्नी परपज ड्रिवन लीडरशिप का उदाहरण है। उन्होंने अपनी कठिन इंटरनेशनल बैकलारिएट स्टडीज के साथ प्रभावशाली सामुदायिक सेवा का संतुलन बनाया है। उन्होंने सतत विकास और सामाजिक समानता पर केंद्रित कई पहल का नेतृत्व किया है। इनमें प्रोजेक्ट राहत एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। वंचित समुदायों को टिकाऊ और मानवीय आर्किटेक्चरल सोल्यूशंस प्रदान करने वाला प्रोजेक्ट राहत राधिका के समावेशी ख्रष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें दिव्यांगों सहित सभी के लिए सुलभता और सम्मान पर जोर दिया गया है। बुनियादी ढांचे की बाधाओं को दूर कर यह प्रोजेक्ट एक ऐसे समाज की नींव रखता है जहां व्यक्ति शारी. रिक या सामाजिक कमियों के बावजूद फल-फूल सकते हैं। यह सिद्धांत है जो एडोप्टिव खेलों में उनके काम में भी सहजता से लागू होता है। पिछले 3-4 सालों में, राधिका ने दिव्यांग खिलाड़ियों के हितों की लगातार वकालत की है, जिससे उनकी अधिक भागीदारी हो, संसाधनों तक पहुंच हो और उन्हें भावनात्मक समर्थन मिले। उनका काम इस प्रचलित गलत धारणा को चुनौती देता है कि शारीरिक विकलांगता अक्षमता के बराबर है। वह जोश के साथ कहती हैं- हमारे समाज को दिव्यांगों के लिए खेलों को असामान्य चीज के रूप में देखना बंद कर देना चाहिए। इसे किसी भी अन्य खेल की तरह आम होना चाहिए। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है- एडोप्टिव खेल मुख्यधारा में आने चाहिए, उन्हें मजबूत संस्थागत समर्थन और सार्वजनिक मान्यता मिलनी चाहिए। ओलिंपिक खेलों के निष्पक्षता और समान अवसर के सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए राधिका एक ऐसे भारत की कल्पना करती हैं जहां दिव्यांग युवा गर्व और आत्मविश्वास के साथ अपने एथलेटिक सपनों को पूरा कर सकें।

# गौरवमयी पल के बीच अमृत स्टेशन का उदघाटन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्घाटन के बाद नये रंग रूप व सुविधाओं से बदला सहारनपुर रेलवे स्टेशन का रूप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय रेलवे के 1.3 अमृत स्टेशनों का उदघाटन किया गया। जिसमें सहारनपुर रेलवे स्टेशन भी शामिल रहा। जनपद के लिये यह अति गौरवमयी पल रहा। अपने नये रूप में स्टेशन यात्रियों को आकर्षित करने के साथ ही उनके यात्रा अनुभवों को बढा रहा है।

उत्तर प्रदेश में उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल के अंतर्गत सहारनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है क्योंकि यह अमृतसर-हावड़ा, जम्मूतवी-हावड़ा और दिल्ली-देहरादून जैसे प्रमुख मार्गों पर सेवा प्रदान करता है। स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया गया है। अपने नए रूप में स्टेशन यात्रियों को आकर्षित कर रहा है और उनके यात्रा अनुभव को बढ़ा रहा है।

आज उदघाटन मौके पर राज्यमंत्री पीडब्ल्यूडी कुंवर बृजेश सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक कीरत सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, मेयर डॉ अजय कुमार, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसदराघव लखनपाल, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ महेंद्र सैनी, नगर अध्यक्ष भाजपा शीतल बिश्नोई, पद्मश्री भारत भूषण, कमिश्नर अटल कुमार राय, डीएम



मनीष बंसल, मण्डल रेल प्रबंधक अम्बाला विनोद भाटिया, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पीएस उत्तर रेलवे के.पी.यादव एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सभी अतिथिगणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये गये रेलवे स्टेशनों के विकास कार्यो की जमकर सराहना की। आज का कार्यक्रम सहारनपुर रेलवे स्टेशन के लिये अविस्मरणीय रहा।

### अमृत रेलवे स्टेशन के तहत क्या-क्या मिला नया........

**सहारनपुर।** एसी वेटिंग रूम, यूटीएस और पीआरएस हॉल, वेटिंग हॉल, 3 रिटायरिंग रूम, 4 शौचालय (रिटायरिंग रूम के 3 शौचालय और एसी वेटिंग रूम का 1 शौचालय), चौड़ी सड़कों और रास्तों के साथ सर्कुलेटिंग एरिया का पुनर्विकास (8531 वर्ग मीटर), यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए प्रवेशध्निकास द्वारों का पुनर्विकासध्जोड़ना, पार्किंग का विकास (3383.5 वर्ग मीटर), प्रवेश पोर्च, दिव्यांगजनों के लिए स्पर्शनीय मार्ग, दिव्यांगजन बुकिंग खिड़कियां-2, दिव्यांगजन पार्किंग-2, सहज संकेत, एग्जीक्यूटिव लाउंज का नवीनीकरण, पीएफ-4 पर प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड, नए फर्नीचर का प्रावधान (स्टील बेंच-56, कुशन वाली कुर्सियां-130, एग्जीक्यूटिव टेबल-25, सोफा सेट-7)। स्टेशन का अग्रभाग सौंदर्यपूर्ण ढंग से डिजाइन किया गया है, प्लेटफॉर्म को फिर से बनाया गया है, सुंदर भूनिर्माण, अच्छी तरह से परिभाषित साइनेज, सुगम पहुंच के लिए बेहतर परिसंचरण क्षेत्र है।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण:डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलैक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक में दिये। उन्होने निर्देश दिए कि नगर निगम संबंधी मुद्दों के त्वरित निस्तारण के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में अलग से बैठक कराई जाए। कम्पनी बाग में स्थित शौचालय को नगर निगम या शुलभ के माध्यम से संचालित कराया जाए। उन्होने संयुक्त निदेशक उद्यान को हैण्डओवर संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। घण्टाघर से रेलवे स्टेशन रोड पर बने डिवाइडर में कहां पर कट देना है और कहां से बंद करना है इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी यातायात एवं नगर निगम के मुख्य अभियंता संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार संबंधी मुद्दों को ही प्राथमिकता दी जाए। पंक्चर लगाने वाले जैल का नशीले पदार्थ के रूप में प्रयोग करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि स्टेशन के आस-पास सख्ती से कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित कराएं की इस प्रकार की सामग्री का विक्रय



केवल दुकानदारों को ही किया जाए।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत बिलों संबंधी प्रकरणों में निर्देश दिए कि चीफ इंजी. नियर की अध्यक्षता में वैण्डरों, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं पीओ नेडा की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान किया जाए। विधिक माप विज्ञान विभाग को निर्देश दिए कि मोडल अप्रूवल वाले इंडीकेटर प्रयोग करने वाले धर्मकांटों की ही मुद्रांकन सील की जाए। साथ ही बिना मोडल अप्रूवल वाले इंडीकेटर को यथाशीघ्र परिवर्तित कराया जाए।

इस अवसर पर एडीएमई संतोष बहादुर सिंह, व्यापारी हरपाल सिंह वर्मा, मुकुंद मनोहर गोयल, आलोक अग्रवाल, नरेश गोयल सहित अन्य व्यापारी बंधु तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नुसरत साबरी ने उठाई व्यापारियों की समस्याएं

**सहारनपुर।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नुसरत साबरी व कोषाध्यक्ष कनिष्क जैन ने व्यापार बंधु की बैठक में खुमरान पुल क्षेत्र व तोता चौक की प्रमुख समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया।

उन्होंने बागेश्वर मंदिर के सामने नगर निगम के द्वारा बनवाये गये नाले को ऊँचा नीचा बना दिये के कारण वजह से मोहल्ला खुमरान एवं काहरान मे थोड़ी सी बारिश होने पर पानी भर जाने, पुल खुमरान पर बने कूड़ाघर को भी हटाने, पुल खुमरान से पुरानी चुंगी चौंक तक खुमरान रोड का ट्रेफिक वन वे कराये जाने, तोता चौक पर रखे ट्रॉसफामर्र को अन्य स्थान पर शिफ्ट कराये जाने आदि की मांग रखी।

# विधायक गुंबर ने दिए विकास संबंधी प्रस्ताव

**शाह आइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आज रेलवे अधिकारियों को विकास संबंधी प्रस्ताव दिए।



विधायक राजीव गुम्बर ने प्रस्ताव में कहा कि नए रेलवे टिकट घर से ले कर आई टी सी गेट तक की सड़क बहुत खराब हो गई है जिसमे बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। अत: इस सड़क की मरम्मत अतिशीघ्र कराई जाए। उन्होंने कहा कि सहारनपुर एक प्रमुख स्टेशन है जिस पर बड़ी संख्या में ट्रेनों का आवागमन होता है परंतु रेलवे स्टेशन पर प्रभावी रूप मे केवल तीन प्लेटफार्म हैं जिससे अधिकतर ट्रैन को आउटर पर रोक दिया जाता है व प्लेटफार्म उपलब्ध होने पर स्टेशन पर लाया जाता है जिससे ट्रेनों को विलंब होता है व यात्रियों को असुविधा होती है अत: सहारनपुर रेल स्टेशन पर प्लेटफार्म बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है। विधायक राजीव गुम्बर ने कोरोना काल में बंद हुई अम्बाला-दिल्ली पैसेंजर, अम्बाला मेरठ पैसेंजर, सहारनपुर प्रयागराज पैसेंजर ट्रेनों के पुन: संचालन की मांग की। विधायक राजीव गुम्बर ने डीआरएम अम्बाला को दिए प्रस्ताव में कहा कि टीटू कॉलोनी में रेलवे पार्क का पास कुछ मकान क्षतिग्रस्त थे जिनको तोड़ दिया गया था, इस खाली जमीन पर पार्किंग बनवाई जाए।

**❑अंबेहटा।** नकुड कोतवाली प्रभारी अविनाश गौतम ने बताया कि गांव मोहद्दीपुर में घर में घुसकर जान से मारने की नियत से हमला करने वाले अभियुक्त अरुण को नकुड बस स्टैंड से पुलिस ने गिरफ्तार किया

# निगम इतिहास में ई-व्यवस्था गेम चेंजर होगी: महापौर

## ई-ऑफिस व्यवस्था के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा निगम को दी गई दो करोड़ की धनराशि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में ई-ऑफिस व्यवस्था क्रियान्वित करने के लिए महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने आज सभी विभागों को कम्पयूटर सेट वितरित किये। कम्पयूटर वितरण के बाद निगम के समस्त 98 पटल कम्पयूटरीकृत हो जायेंगे। एक जून से समस्त विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से ही पत्रावलियां प्रस्तुत करेंगे। ई और संरचना विकास, डिजीटिलाइजेशन ऑफ रिकॉर्ड के लिए स्मार्ट सिटी के माध्यम से दो करोड़ की धनराशि नगर निगम को प्रदान की गयी है।

कम्पयूटर सेट वितरित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि ई-व्यवस्था निगम के इतिहास में गेम चेंजर साबित होगी। इससे व्यवस्था न केवल पब्लिक फ्रेंडली होगी बल्कि प्रधानमंत्री जी के 2047 में विकसित भारत के संकल्प में हमारे सहयोग का एक सशक्त कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के साथ ही व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए हम आगे बढ़ सकते हैं। महापौर ने स्मार्ट सिटी चेयरमैन/मंडलायुक्त का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि उन्होंने नगर निगम की आवश्यकताओं को समझते हुए कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता एवं जनसुविधाओं के शीघ्र क्रियान्वन के लिए नगर निगम को धनराशि उपलब्ध करायी है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने ई-व्यवस्था को आज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ई-व्यवस्था के व्यवहार में आने से आवश्यक दशाओं में अधिकारी किसी भी स्तर से लॉगिंग कर पत्रावलियों का अवलोकन, अनुमोदन व निस्तारण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में है।

कार्यक्रम के शुभारंभ में नगरायुक्त ने महापौर को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया। आज सबसे पहले कम्पयूटर सेट ऑडिट विभाग के लिए वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन को सौंपा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी सहित निगम के समस्त विभागाध्यक्ष, अभियंता, पटल सहायक के अलावा स्मार्ट सिटी के कंपनी सचिव शंकर तायल सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# रूही, पार्षद अहमद मलिक व फजलुर्रहमान ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव रूही अंजुम, पार्षद अहमद मलिक व फजलुर्रहमान ने कहा कि व्यापार को बनाये रखने के लिये गुणवत्ता व विश्वास का होना जरूरी है।

रूही अंजुम के साथ पार्षद अहमद मलिक व फजलुर्रहमान ने गुरूद्वारा रोड पर शफक्कत मलिक की गारमेंट शॉप के उदघाटन पर बोलते हुएकहा कि किसी भी व्यापार को करना एक आसान काम है, लेकिन उसे आगे बनाये रखना काफी मुश्किल है। पार्षद हाजी फजलुर्रहमान ने नई शॉप की मुबारकबाद देते हुए कहा कि एक प्रतिष्ठान को बनाये रखने में उसकी विश्वसनियता का बडा योगदान होता है। इसलिये व्यापार केवल मुनाफे के लिये नहीं बल्कि विश्वास के लिये अहम हो। इस दौरान कैफ कुरैशी व सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप शुरू किये गये।

समर कैंप का शुभारंभ पारंपरिक प्रार्थना सभा और सूर्य नमस्कार से हुआ। तत्पश्चात प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों योग अभ्यास में प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन जैसे सरल परंतु प्रभावशाली योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग के प्रत्येक अभ्यास को बच्चों को सहज रूप में समझाते हुए इसके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से एकाग्रता, मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ के महत्व को गहराई से समझा। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया। समर कैंप में शारीरिक विकास पक्ष को और अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और फुर्ती जैसे गुणों का भी विकास किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ मैच खेले और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल ने कहा गत दिवस समर कैंप के आयोजन में बच्चों ने पूरी लगन और उत्साह के साथ भाग लिया। योगाभ्यास के साथ-साथ आयोजित खेल और रचनात्मक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुणों का विकास हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को न केवल सीखने का एक नया अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि उन्होंने योग और अनुशासित जीवनशैली के महत्व को भी आत्मसात किया, जो उनके भविष्य में एक मजबूत नींव की तरह कार्य करेगा।

# सफाई के बहाने ठगों ने आभूषणों से उतारी चांदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** चांदी के आभूषणों की सफाई के बहाने ठगो ने आभूषणों से चांदी उतार ली बाद में ठग पकड़े भी गए लेकिन माफी मांगने के बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ दिया।

गांव बालू निवासी एक परिवार के घर पर चांदी के आभूषणों की सफाई के लिए दो ठग पहुंचते हैं। घर पर मौजूद महिला से आभूषण लेकर उनकी सफाई करने लगते हैं और सफाई करने के बाद महिला को आभूषण वापस दे देते हैं। इसी बीच महिला को शक हो जाता है क्योंकि चांदी के आभूषण का वजन पहले से कम हो गया है महिला तुरंत अपने परिवार के सदस्य को लेकर गांव में ही मौजूद सुनार की दुकान पर जाती है। चांदी के आभूषण का वजन कम मिलता है तो महिला परेशान हो जाती है। लेकिन ठीक इसी दौरान दोनों ठग बाईक पर सवार होकर गांव से बाहर निकल रहे थे तो महिला उनको पहचान लेती है और शोर मचा देती है।

महिला की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए तथा दोनों को पकड़ लिया लेकिन इसी बीच ठग जिस केमिकल से चांदी के आभूषण से चांदी उतारी गई थी उसे फेंक देते हैं। ठगों द्वारा भविष्य में ऐसा ना कर दे तथा माफी मांगने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

**❑गंगोह।** श्री शनि देव महाराज जी की जयंती पर 27 मई से 28 मई तक दो दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए जाएगें। इस अवसर 27 मई को शोभा यात्रा बैड़ बाजें व ढोल नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस कंकाराली मार्ग स्थित महादेव कुटी बड़ा अनुमान मंदिर पर समापन होगी। इस दिन रात्रि में श्री शनि देव महाराज जी का गुणगाान होगा। 28 मई को सुबह दस बजें विश्व कल्याणा शांति के लिए यज्ञ हवन आयोजित होगा।

# उमर ने समिति के समक्ष क्षेत्र के कई मुद्दे उठाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की पंचायती राज समिति की लखनऊ में हुई बैठक में बेहट विधायक उमर अली खान ने क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होने पुलिया व नालों के निर्माण तथा सीसी रोड बनाये जाने की मांग समिति के सामने रखी।

■ **बेहट विधायक उमर अली खानविधानसभा क्षेत्र की जटिल समस्याओं का लगातार करा रहे है निदान**

बेहट विधायक उमर अली खान आज लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश विधानसभा पंचायती राज समिति की बैठक में भाग ले रहे थे। बैठक में विधायक ने ग्राम मगनपुरा में खारा रोड से कब्रिस्तान तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम पाड़ली ग्रांट में मदरसा फैजुल कुरान के पास पुलिया निर्माण और दो नालों के निर्माण की मांग की।

विधायक की मांग पर बैठक में मौजूद विशेष सचिव राजेश कुमार त्यागी ने इन प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दिलाकर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बेहट विधायक उमर अली खान घाड क्षेत्र की समस्याओं के निदान पर लगातार लगे हुए है और उनके प्रयासों से ही बरसाती नदियों पर अनेकों पुल, पक्के मार्ग तथा पानी व विद्युत गांव-गांव तक पहुंच रही है।

# फैमिली आईडी बनाने में लाएं तेजी: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में दिये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में खराब प्रगति पर गहरी नारा. जगी व्यक्त करते हुए पीडी डीआरडीए को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी बनवाने के लिए आमजन को



प्रेरित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज विभाग द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ भारत मिशन संबंधी कार्यों में खराब प्रगति के लिए डीपीआरओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

श्री बंसल ने निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत बिलों संबंधी प्रकरणों में विद्युत विभाग के अधिकारियों, वैण्डरों एवं पीओ नेडा की अलग से बैठक बुलाई जाए। निराश्रित गौ आश्रय स्थलों पर खंड विकास अधिकारी हरा चारा, पानी, छाया आदि की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि कन्या सुमंगला योजना में आवेदन लंबित न रहें। पेंशन संबंधी पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम से मिले राज्यमंत्री जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर बहुमुल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया साथ ही जनपद सहारनपुर में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए एक व्रहद विकास क्षेत्र बनाने का आग्रह किया।

औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सहारनपुर में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए व्रहद औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे जनपद सहारनपुर में विकास को नई गति मिलेगी जिससे सहारनपुर के आसपास के जनपद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीरता से राज्यमंत्री जसवंत सैनी के विचारों को सुना और उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए व्रहद औद्योगिक विकास क्षेत्र बनाए जाने के लिए आश्वस्त किया।

# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**अंबेहटा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

बृहस्पतिवार की सुबह करीब नौ बजे गांव खेड़ा अफगान में फदपुरी मार्ग पर ईदगाह के निकट तेज गति से आ रहे एक वाहन बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना मिलते हीअबेहटा पुलिस और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचें चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि मृतक मुबारिक पुत्र साजिद गांव खानपुर गंगोह कोतवाली का रहने वाले हैं। बाइक पर सवार होकर सहारनपुर जा रहा था।मृतक के भाई उस्मान और परिजनों द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इनकार किया है। लिखकर दे गए हैं। और शव को अपने साथ लेकर गांव गए हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 23 मई 2025

# भारत का कड़ा रुख

गुरुवार को भारत ने एक बार फिर अपने पुराने स्टैंड को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा और आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किए जाने के बाद ही यह संपर्क हो सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि भारत अपने स्टैंड से जरा भी पीछे हटेगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत और आतंक एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत संभव हो सकती है जब पाक भारत द्वारा सौंपी गई आतंकियों की सूची के अनुसार आतंकियों को भारत को सौंपे। जहां तक बात कश्मीर की है, जम्मू कश्मीर पर कोई बात नहीं होगी और जब कभी भी बात होगी तो कश्मीर के उस भाग पर होगी जिस पर जबरन तरीके से पाक ने कब्जा किया हुआ है। जल संधि पर भी उन्होंने भारत के नजरिये को उचित ठहराया। जल संधि को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द और रक्त एकसाथ नहीं बह सकते। हालांकि गुरुवार को भी पीएम मोदी ने राजस्थान के बिकानेर जिले के दौरे पर सरकार के नजरिये को साफ किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा और न टाल्क। अगर बात होगी तो पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर यानि पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं गिरा सकती। जायसवाल ने तुर्कीय और चीन को भी नसीहत दी और कहा कि आतंकवाद के समर्थन में खड़ा होना पूरी मानवता के खिलाफ खड़ा होने जैसा है और इससे भारत के साथ उनके संबंधों को चोट पहुंचेगी। जायसवाल का कहना था कि भारत उम्मीद करता है कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ तुर्कीय समर्थन करने और दशकों से पनाहगाह रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। उनके कहने का मतलब साफ था कि संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत-पाक तनाव के बीच जिस तरह का आचरण तुर्कीए व चीन की तरफ से देखने में आया वह जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता, बल्कि इससे साफ हो जाता है कि ये दोनों देश आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं हैं। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसलिए इससे पार पाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मसला केवल पक्ष विपक्ष में जाने का भी नहीं है, क्योंकि आतंकवाद से किसी का भला नहीं होने वाला। भारत ने जिस तरह पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पाक पर स्ट्राइक की, जिसमें सौ से अधिक आतंकी मारे गए, बताता है कि भारत की लड़ाई केवल आतंकवाद से है। किसी देश या नागरिक से नहीं। भारत ने साफ भी किया कि सर्जिकल स्ट्राइक में पाक सेना या वहां के नागरिकों का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं



उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं

विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है, अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए, उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए, इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए, किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए, उनका जो फंड होता है, सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा, विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है।

**-जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# भविष्य की महामारियों से निबटने के लिए WHO एक ऐतिहासिक समझौते की ओर

वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी भयावह महामारी से उबरने की प्रक्रिया में है, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। WHO अब एक ऐतिहासिक वैश्विक समझौते की दिशा में अग्रसर है जिसका उद्देश्य है एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना जो न केवल प्रतिक्रियात्मक हो, बल्कि पहले से तैयार, लचीली और समन्वित भी हो।

## महामारी से सीख

कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया। असमान स्वास्थ्य सुविधाएं, सीमित संसाधन, दवाओं और टीकों का असमान वितरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान की धीमी प्रक्रिया ने साबित किया कि एक देश की कमजोरी पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समय रहते प्रभावी वैश्विक रणनीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य की महामारियां और भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

## डब्ल्यूएचओ की भूमिका

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में हुई थी और तब से लेकर अब तक यह संगठन विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संकटों से निपटने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भले ही WHO को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, परंतु उसने विज्ञान आधारित मार्गदर्शन, टीकाकरण की पहल और वैश्विक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

अब WHO का लक्ष्य केवल संकट का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि उससे पहले की तैयारी सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत महामारी संधि Pandemic Accord का विचार सामने आया है।

## ऐतिहासिक पहल-महामारी संधि

2021 में, WHO की सदस्य देशों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। एक ऐसी वैश्विक संधि की शुरुआत करना जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए एक साझा रणनीति, पारदर्शिता और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है। इस संधि को आधिकारिक रूप से Pandemic Prevention Preparedness and Response Accord कहा जा रहा है।

इस संधि के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं

**प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना**

नई और उभरती बीमारियों की जानकारी तुरंत साझा करना ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

**अनुसंधान और नवाचार में सहयोग**

टीके, दवाएं, और निदान तकनीकों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

**समानता आधारित वितरण प्रणाली**

महामारी के समय आवश्यक संसाधनों का सभी देशों तक न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करना, विशेषकर विकासशील देशों के लिए।

**स्वास्थ्य संरचना को सशक्त बनाना**

वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता देना।

**प्राकृतिक और मानव निर्मित जोखिमों की निगरानी**

जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोग) की निगरानी करना और उन पर समय रहते नियंत्रण पाना।

## वैश्विक प्रतिक्रिया और भागीदारी

इस संधि को लेकर अधिकांश देशों ने सकारात्मक रुख अपनाया है, विशेष रूप से यूरोपीय संघ, अफ्रीका के कई राष्ट्र और भारत जैसे विकासशील देश। हालांकि कुछ विकसित देशों ने संप्रभुता के मुद्दे पर चिंता जताई है कि एक वैश्विक समझौते से उनकी स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो सकती है। इसके बावजूद, इस विचार को व्यापक समर्थन मिल रहा है कि यदि दुनिया को भविष्य में एकजुट रहना है, तो साझा दिशा और प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

## भारत की भूमिका

भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल के अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके भेजकर वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को दर्शाया। भारत की मजबूत दवा उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेषज्ञता ने उसे एक अग्रणी खिलाड़ी बना दिया है। WHO के नए समझौते में भारत जैसे देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे नवाचार, अनुसंधान और उत्पादन की क्षमता का उपयोग कर वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी में नेतृत्व करें।

## चुनौतियां: सिद्धांत व व्यवहार में अंतर

हालांकि यह संधि बेहद आवश्यक और उपयोगी है, परंतु इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं-




राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीरू कई देशों के लिए अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक समझौते के तहत सीमित करना कठिन हो सकता है।

**वित्तीय प्रतिबद्धता**- महामारी की तैयारी के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे सभी देश वहन नहीं कर पाएंगे।

**डेटा की पारदर्शिता**- कुछ देश महामारी संबंधी जानकारी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली कमजोर पड़ सकती है।

**नैतिक और कानूनी सवाल**- किस हद तक WHO को हस्तक्षेप का अधिकार होगा, और क्या कोई वैश्विक संस्था संप्रभु राष्ट्रों को बाध्य कर सकती है?

**समाधान की दिशा में पहल**- इन चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाना। महामारी से संबंधित जानकारी आम जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्‍क्रमों में शामिल करना।

**चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें।**

WHO का यह प्रयास कि सभी देश एक साझा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाएं, न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी आवश्यक है। कोविड-19 जैसी आपदाएं यह सिखा चुकी हैं कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते। ऐसे में एक वैश्विक, समन्वित और न्यायपूर्ण रणनीति ही एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

भारत जैसे देश, जो जनसंख्या, संसाधन और विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इस समझौते में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। WHO द्वारा प्रस्तावित महामारी संधि एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा दस्तावेज जो आने वाले समय में लाखों जीवनों की रक्षा कर सकता है। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, क्या हम फिर एक संकट का इंतजार करेंगे या अब से तैयारी शुरू करेंगे?

# हंसना, रोना, ब्रेकअप के बाद क्या किया आपने

ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इन्कार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोई, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं।

उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है-कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं।

वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।

इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया



कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। एक अध्ययन में पाया गया कि जब लोग अपने साथी से अलग होते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं तीन मुख्य प्रकार की होती हैं-

**1. स्वीकृति और आगे बढ़ना**

कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। वे अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं और खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**2. उदासी और अवसाद**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद उदास महसूस करते हैं और रोते हैं। वे अपने दुख को व्यक्त करने के लिए चिकित्सा की तलाश भी कर सकते हैं।

**3. आक्रामकता और विनाशकारी व्यवहार**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद क्रोधित हो जाते हैं और बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए भावनात्मक विस्फोट भी कर सकते हैं।

## आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक-दूसरे में क्या पसंद करते हैं

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है। चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नजरों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गईं। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

**पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?**

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नजरों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया। एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है।

# कैरियर का अभिन्न हिस्सा है खुद को पेश करने की कला

ज्ञान के साथ-साथ खुद को पेश करने की कला यानी सेल्फ प्रेजेंटेशन भी सफल कैरियर का अभिन्न हिस्सा बन गया है। समय-समय पर हुए सर्वेक्षणों के आंकड़े भी इस ओर इशारा करते हैं कि बेहतर नौकरी पाने के लिए तकनीकी कुशलता का महज 15 फीसदी योगदान होता है जबकि बचा हुआ 85 फीसदी सामाजिक और व्यावसायिक सलीके से होता है। यही वजह है कि हमें डिग्रियों या तकनीकी कुशलता के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर विशेषतौर पर फोकस करना चाहिए। इसके अलावा खुद को पेश करने की उस कला में भी पारंगत होना होगा।

## व्यक्तित्व का करें विकास

यूं तो आज बाजार में बेहतर से बेहतर अवसरों के विकल्प मौजूद हैं। नौकरी पाने वालों के लिए भी और नौकरी देने वालों के लिए भी। शायद नौकरी देने वालों के लिए विकल्प बड़ी तादाद में उपलब्ध हैं और नौकरी करने वालों के सामने विकल्प संघर्ष का विषय है। सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? यहां भी जवाब है कि खुद को पेश करने की कला में स्मार्ट हुआ जाए। ताकि हम पहली ही मुलाकात में अपने व्यक्तित्व के मामले में आकर्षक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाले साबित हो सकें। नौकरी हासिल करने के संघर्ष के दौरान अपने गुड लुकिंग, स्मार्ट और ऊर्जावान होने के साथ-साथ हम शिष्टाचार, मेकअप व लीडरशिप को भी शामिल करें।

## खुद में विकसित करें गुणों को

जब तक हम ज्ञान और जरूरी जानकारियां हासिल नहीं कर लेते तब तक लीडरशिप नहीं निभा सकते। आत्मविश्वास तभी आता



है, जब हम ज्ञान से लबरेज हों। भविष्य बनाने के लिए जानना बहुत जरूरी है कि स्कूल, समाज, पार्टी और फिर व्यावसायिक व्यवस्था में कैसे व्यवहार करना चाहिए? आत्मविश्वास, शिष्टाचार,सज्जा-शृंगार, टेबल मैनर्स, बॉडी लैंग्वेज में सुधार, बातचीत का सलीका, उच्चारण का प्रशिक्षण, क्रोध प्रबंधन, साथियों का दबाव, स्ट्रेस मैनेजमेंट, डाइनिंग एटिकेट्स, सोशल मैनर्स, आत्मसम्मान में वृद्धि, भावनात्मक जागरूकता आदि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज की दुनिया में काफी महत्वपूर्ण हैं। व्यक्तित्व आपके लिए कई दरवाजे खोल देता है।

## खुद का मूल्यांकन, फिर पहल

खुद को पेश करने की कला में पारंगत होने के लिए सबसे पहले जानें कि कमी कहां है? क्या अभी अपने कैरियर के लिए तड़का लगाना बाकी है? सामान्यत: लोग अकसर अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं होते। दरअसल, उनके दिमाग में सवाल कौंधता है कि कहीं लोग उनका मजाक तो नहीं उड़ाएंगे?

## आत्मविश्वास की डगर

अगर आप सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो शुरुआती दिनों में आपके आइडियाज पर लोग हंसेंगे, उनका मजाक बनाएंगे, नकार देंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं। असल में आपमें वो काबिलियत है, जिसे लोग उभरने नहीं देना चाहते। लोग आपके आइडिया पर हंस रहे हैं तो उसे अमल. ीजामा पहना दें।

## खुद की मार्केटिंग

कहते हैं कि आजकल पैसा कमाना सबसे आसान है। वहीं ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह कहते हैं कि अब पैसा कमाने सबसे मुश्किल है। दोनों ही बातें सही हैं। अगर आप खुद को प्रेजेंट नहीं कर सकते तो जाहिर है आप पैसा नहीं कमा सकते। दरअसल खुद को मार्केट करना सबसे जरूरी है।

## व्यक्तित्व का करें विकास

माना जाता है जो प्रोडक्ट विज्ञापन की दुनिया से बाहर हो जाता है, उसकी बिक्री में खासी कमी आ जाती है। ठीक यही रूल अपने सफल जीवन के लिए भी अहम है। खुद को पेश करना एक कला है। इस कला में पारंगत होना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके लिए यह न सोचें कि फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन इस तरह के नियमों पर विश्वास न करें। बाजार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो धीरे-धीरे दूसरों के सामने अपनी परत-दर-परत खोलते हैं। बहरहाल असली मुद्दा यह है कि आप खुद को जैसे पेश करेंगे, वैसी ही सफलता आपकी राह ताक रही होगी। खुद को पेश करना सीख गए तो समझें कैरियर में गर्मागर्म तड़का लग चुका है।

## गोंद कतीरा से बनाएं यह टेस्टी ड्रिंक, गर्मियों में रहेंगे कूल



गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिल्ल. चलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

**पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी**

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें। अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें। एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें। इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें। बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

# अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर फ्री फलस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी, दोनों मृतक शादी करने वाले थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फलस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजरायली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास राड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फलस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिल्ग्रिम की मौत हो गई है। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का आफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वाइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।




**मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है**

## बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए शर्तें रखी



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रमुख शर्तें रखीं, जिनमें सभी बंधकों की रिहाई, एन्क्लेव का विसैन्ईकरण और फलस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व को वहां से बाहर निकालना शामिल है। नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं स्पष्ट शर्तों पर युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हूं, जो इजरायल की सुरक्षा की गारंटी देंगी, सभी बंधक घर लौट आएंगे, हमास अपने हथियार डाल देगा, सत्ता छोड़ देगा और उसके नेतृत्व को पट्टी से बाहर निकाल दिया जाएगा। गाजा पूरी तरह से विसैन्यीकृत रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लागू करना भी जरूरी है, जिसे उन्होंने बहुत 'सही और क्रांतिकारी' बताया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इसमें एक साधारण बात कही गई है, गाजा के निवासी जो छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी देश जो इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इजरायल से शत्रुता समाप्त करने का आह्वान कर रहे हैं, वास्तव में, हमास को गाजा पट्टी में सत्ता बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में 'ऑपरेशन गिदोन' के रथ के हिस्से के रूप में एक नया हमला शुरू किया, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह अंततः हमास को धूल चटा देगा। कतर में मध्यस्थता वार्ता के समानांतर हो रही है, जिसमें युद्धविराम और इजरायली बंधकों को रिहा करने का समझौता शामिल है।

# माइक्रोसॉफ्ट पर इंटरनल मेल से फलस्तीन-गाजा शब्द हटाने का आरोप

## सत्य नडेला की स्पीच में फ्री फलस्तीन के नारे लगे

**मुंबई।** अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट पर आरोप लगा है कि उसने कर्मचारियों की इंटरनल मेल में 'फलस्तीन', 'गाजा' और 'नरसंहार' जैसे शब्दों को हटाना करना शुरू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब कंपनी के एक इंजीनियर ने सोमवार को सीईओ सत्या नडेला की स्पीच के दौरान फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

माइक्रोसाफ्ट के एक इंजीनियर ने मेल शेयर करते हुए कंपनी पर नरसंहार जैसे शब्द फिल्टर करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कंपनी के कुछ कर्मचारी इजरायली सेना को एआई टेक्नोलाजी बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायली सेना टेक्नोलाजी का उपयोग गाजा में नरसंहार के लिए कर रही है। माइक्रोसाफ्ट बिल्ड कान्फ्रेंस 2025 के तीसरे दिन भारतीय मूल की वान्या अग्रवाल ने

**इससे पहले वान्या ने माइक्रोसॉफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध किया था**




कंपनी के एआई सुरक्षा प्रमुख नेता हैबी के सेशन को बीच में रोककर इजरायल सरकार के साथ क्लाउड समझौतों के खिलाफ नारेबाजी की। वान्या और उनकी साथी होस्साम ने हैबी के सेशन को डिस्टर्ब करते हुए कहा कि 'माइक्रोसाफ्ट, खून के पैसे नहीं चलेंगे'। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि माइक्रोसाफ्ट की इजरायली सरकार और सेना को दी जा रही एआई-क्लाउड सेवाएं गाजा में युद्ध अपराधों में इस्तेमाल हो रही हैं। वान्या ने बीबीसी को इंटरव्यू में कहा था, टेक कंपनियां मानवाधिकारों से आंखें नहीं मूंद सकतीं। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। सीईओ सत्या नडेला, बिल गेट्स और स्टीव वाल्मर के सेशन मं कहा था कि माइक्रोसाफ्ट इजरायल को एआई हथियार बेच रही है, इससे 50,000 लोग मारे जा चुके हैं।

## पाक, ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18640 सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।



**नई दिल्ली। बुधवार को तेज हवाओं और बारिश के कारण उखड़े पेड़ के नीचे दबे वाहन।**


# स्कूल बस हमले के जिम्मेदार को सजा दिलाएंगे: शहबाज

## भारत पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, दिल्ली बोला: ध्यान भटकाने की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार इलाके में मंगलवार को एक स्कूल बस को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इस धमाके में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये स्कूल बस करीब 40 छात्रों को लेकर स्कूल जा रही थी, जब रास्ते में जीरो प्वाइंट के पास धमाका हो गया। घायल बच्चों को क्वेटा के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

हमले के बाद पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर खुद क्वेटा पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस हमले के पीछे 'फितना अल हिंदुस्तान' को जिम्मेदार बताया। उन्होंने दावा किया कि यह भारत समर्थित आतंकी ग्रुप है। भारत ने पीएम शहबाज के आरोप का खंडन किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। आतंकवाद से ध्यान भटकाने की ये पाकिस्तान की एक और रणनीति है। पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपनी आतंकवाद समर्थक छवि और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए हर बार भारत पर आरोप मढ़ता है। बलूचिस्तान के खुजदार में बच्चों को ले जा रही बस पर बुधवार को आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बुधवार को इस्लामाबाद में मीडिया से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी। अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया होता, तो पूरी दुनिया को पता होता।

**भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा, उन्होंने एक बार फिर से दावा किया: पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी: शहबाज**



शरीफ ने कहा कि दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों तरफ के सैनिक 7 मई को संघर्ष शुरू होने से पहले वाली पोजिशन पर लौट जाएंगी। शरीफ से पूछा गया कि क्या संघर्ष के दौरान भारत में इजरायली कर्मचारी मौजूद थे, तो शरीफ ने कहा- रिपोर्ट्स हैं कि इजरायली भारत में थे। इजरायल ने युद्ध के दौरान भारत को बहुत समर्थन दिया, लेकिन जीत हमारी हुई।

# ट्रम्प प्रशासन की आयात शुल्क नीतियों का विरोध

## 12 अमेरिकी प्रांतों ने संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 प्रांतो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिबरेशन डे आयात शुल्क को रोकने के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया। याचिका में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक कर लगाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल का आह्वान करके अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है।

न्यूयॉर्क शहर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क और इलिनोइस सहित 12 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा दायर मुकदमे में दलीलों की समीक्षा की। मुकदमा दायर करने वाले प्रांतो ने तर्क दिया कि ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम की गलत व्याख्या की है, इसे आयात शुल्क लगाने के लिए ब्लैंक चेक के रूप में उपयोग किया है। आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। केंटकी रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने हाल ही में एबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ रणनीति पर हमला किया और इसे एक आर्थिक भ्रांति पर आधारित बताया और कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लागू करने के राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया।



## ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों के निर्वासन में अदालत की अवहेलना की

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों को साउथ सूडान वापस भेजने का प्रयास करके उसके पिछले आदेश का उल्लंघन किया है। जिला न्यायाधीश मर्फी ने एक सुनवाई में कहा कि प्रशासन ने उनके अप्रैल में जारी आदेश का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी प्रशासन किसी भी प्रवासी को तब तक निर्वासित नहीं कर सकता जब तक उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय न दिया जाए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन मर्फी ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि प्रशासन ने अप्रैल में जारी एक अस्थाई आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें अधिकारियों को लोगों को उनके अपने देश के अलावा अन्य देशों में निर्वासित करने से पहले पर्याप्त समय देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सात प्रवासियों को सोमवार रात सूचित किया कि उन्हें दक्षिण सूडान में निर्वासित किया जा सकता है, जो कि उन्हें विमान में चढ़ने से 24 घंटे से भी कम समय पहले था, जो 'स्पष्ट रूप से अपर्याप्त' नोटिस था। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्रवाई अदालत के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता: ईरान ने ओमान के प्रस्ताव पर जताई सहमति

**तेहरान।** ईरान ने शुक्रवार को रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर के लिए ओमान के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाघई ने एक बयान में कहा कि ईरान के वार्ता दल परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के संबंध में राष्ट्र के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और उनका पालन करने में दृढ़ है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। ओमान की मदद से ईरान और अमेरिक के प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। चौथे दौर की वार्ता 11 मई को मस्कट में आयोजित की गई थी।

# अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फयूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 550 प्लेन मान्टगोमरी-गिब्स एक्जीक्यूटिव एयरपोर्ट के पास क्रैश हुआ। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह विमान छह से आठ लोगों को ले जा सकता है। यह हादसा सुबह करीब 3.47 बजे टिएरासांता के पास सैल्मन स्ट्रीट के 3100 ब्लॉक में हुआ, जो एक मिलिट्री रेसिडेंस एरिया है। सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू के डिवीजन चीफ डैन एडी के मुताबिक अभी तक किसी को घटनास्थल से हास्पिटल नहीं ले जाया गया है। कई घर और गाड़ियां आग में घिर गई। डैन एडी ने कहा हमारे पास हाजमैट की टीम है। हमने जरूरी संसाधनों की मांग की है। हम सेना के साथ भी काम कर रहे हैं। हमारा पहला टारगेट यह है सभी घरों को खाली कराना। इसके बाद हम गाड़ियों और फिर विमान की तलाशी लेंगे।



**15 घरों में लगी आग कोहरे की वजह से हुआ हादसा, हादसे वाली जगह को खाली कराई गई**

## रूस ने थल सेना के नए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्री एंड्री रेमोविच बेलौसोव ने कर्नल जनरल एंड्री निकोलायेविच मोर्डविचव को थल सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। रूसी सैन्य समाचार पत्र रेड स्टार ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में बेलौसोव ने जनरल मोर्डविचव को थल सेना कमान स्टाफ से मिलवाया और उन्हें एक अनुभवी लड़ाकू अधिकारी बताया। जनरल मोर्डविचव ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता का पूरा प्रदर्शन किया है। जनरल मोर्डविचव ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव की जगह ली है, जिन्हें हाल ही में रूस की सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया गया था। वर्ष 1976 में जन्मे जनरल मोर्डविचव ने नोवोसिबिर्स्क हायर मिलिट्री कमांड स्कूल और बाद में जनरल स्टाफ अकादमी से स्नातक किया। उनके करियर में सेंट्रल और सदर्न मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट दोनों में प्रमुख नेतृत्व पद शामिल हैं।

# यूक्रेन के पूर्व शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक अमेरिकी स्कूल के बाहर यूक्रेन के पूर्व प्रमुख अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इस घटना पुष्टि की है कि 51 वर्षीय एंड्री पोर्टनोव शहर के पॉजुएलो डी अलारकोन क्षेत्र में स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़कर स्कूल की पार्किंग में अपनी कार की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं और फिर एक जंगल के इलाके की ओर भाग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टनोव विक्टर यानुकोविच के प्रशासन में सांसद और उप प्रमुख थे, जो रूसी राष्ट्रपति समर्थक थे और 2014 में महीनों के विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। वह पहले यूलिया टिमोशेंको की गवर्निंग पार्टी में सांसद थे, लेकिन 2010 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यानुकोविच की टीम में चले गए। उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था और वर्ष 2019 में वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फिर से यूक्रेन छोड़ दिया और 2021 में अमेरिकी ट्रेजरी ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें 'एक कोर्ट फिक्सर के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता था। पुलिस ड्रोन और एक हेलीकॉप्टर से हत्यारे की तलाश में इलाके की तलाशी ली।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं**

# रूस और यूक्रेन शांति समझौते पर काम चल रहा

**मॉस्को।** क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने घोषणा की है कि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए ज्ञापन पर काम सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहा है।

पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में कल कहा कि अधिकांश काम 'स्पष्ट कारणों से' गोपनीय बना हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी देश के प्रयासों के लिए खुला है जो रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने में योगदान देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे की बातचीत के लिए स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया गया है। इस बीच, रूस एक हजार बंदियों को शामिल करने वाले कैदी विनिमय समझौते को लागू करने के लिए काम कर रहा है, जो तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ हुआ था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के साथ संभावित शांति समझौते की रूपरेखा के लिए एक मसौदा ज्ञापन तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। यह ज्ञापन संकट को हल करने के सिद्धांत, संभावित शांति समझौते की समय सीमा और अस्थाई संघर्ष विराम की शर्तों जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। ट्रम्प के साथ कल बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन क्षेत्रीय मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा या अपने क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ट्रम्प से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उनके देश की भागीदारी के बिना नहीं लिया जाए।




**Recruitment For Teaching Staff**

**Assistant professor Law**

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

**Salary As per Govt. Norms**

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA COLLEGE OF LAW**
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com